डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 139 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 27 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगीः नायब

नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा में किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है और पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर सरकार 14500 करोड़ रुपए दे चुकी है, जबकि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में किसानों को फसल खराबे के तौर पर महज 1155 करोड़ रुपए दिए गए थे। पंजाब में पूर्व की कांग्रेस सरकार ने और अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने किसानों की कभी सुध नहीं ली है और न ही किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदा। वर्ष 2027 में पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलों को हरियाणा की तरह एमएसपी पर खरीदा जाएगा। सैनी ने यह बात शनिवार को पंजाब के डेराबस्सी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

**खास बातें**

- कहा, हरियाणा की जन-कल्याणकारी योजनाओं को पंजाब में भी किया जाएगा लागू
- हरियाणा में आज जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कर रही है कार्य



### हरियाणा में घर बैठे मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा को तकनीक से जोड़ते हुए हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से 52 लाख से अधिक परिवारों को घर बैठे 400 से ज्यादा योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह अपने-आप में एक अनूठी पहल है। इसी तरह से हरियाणा सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3000 रुपए तक बढ़ाकर बुजुर्गों को सम्मान दिया है। पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर हरियाणा की तर्ज पर लोगों को जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में "म्हारा गांव-जगमग गांव" योजना के तहत 5878 गांवों को भी शहरों की तर्ज पर 24 घंटे बिजली दी जा रही है। पंजाब में भी भाजपा सरकार बनने पर लोगों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

### तुष्टीकरण और वंशवाद को खत्म किया

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री महारानी परनीत कौर, राज्यसभा सदस्य सतनाम संधू, गुरदर्शन सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता, संजीव वशिष्ठ व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में भी सरकार ने ईमानदारी, पारदर्शिता और सेवा को मूलमंत्र माना है। जातिवाद, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को समाप्त किया जिसकी बदौलत प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। आज हरियाणा में एक जवाबदेह और संवेदनशील नॉन स्टॉप सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू होते ही बिना पर्ची-बिना खर्ची के 26 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा राष्ट्रीय राजमार्गों, उद्योग, डिजिटल सेवाओं, युवाओं के लिए कौशल विकास, महिला सुरक्षा, और किसानों के कल्याण में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।

## लेफ्टिनेंट विनय के परिवार को 50 लाख रुपए और एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दी जानकारी


हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए करनाल निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट 26 वर्षीय विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने वादा किया है कि विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें विनय नरवाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री सैनी ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत की सख्त शब्दों में निंदा की है।

**खबर संक्षेप**

### मुंबई में आग से एक महिला की मौत, 6 भर्ती



मुंबई। महाराष्ट्र के अंधेरी उपनगर स्थित आवासीय परिसर के एक अपार्टमेंट में शुक्रवार रात 2.40 बजे आग लगने से एक महिला की मौत हो गई तथा 2 बच्चों सहित छह अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 8 मंजिला 'ब्रोक लैंड' इमारत की पहली मंजिल पर फ्लैट में आग लगी। अभिना संजनवाला की मौत हो गई।

### झांसी जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में आग



झांसी। यहां शनिवार शाम जिला अस्तपाल के बच्चा वार्ड की छत पर शार्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर वहां चीख-पुकार मच गई। जिनके बच्चे वार्ड में भर्ती थे, वेबच्चों को लेकर बाहर भागने लगीं। अस्पताल प्रशासन ने आग बुझाने की कोशिश की। दमकल की गाड़ियां भी बुला ली गईं। करीब आधे घंटे में काबू पाया जा सका।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 3 युवकों की मौत



देवबंद। यहां शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। इस धमाके से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग मौजूद थे, हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है।डीएम मनीष बंसल ने तीन लोगों के मरने की पुष्टि की है। इसमें राहुल उर्फ काका, विशाल और विकास निवासी जड़ौदा जट शामिल हैं।

### सेलम में पटाखों में विस्फोट से 4 नहीं रहे



सेलम। तमिलनाडु में सेलम जिले के कंजनाइकेनपट्टी गांव में शुक्रवार देर रात एक मंदिर के पास दुर्घटनावश पटाखों में विस्फोट होने से 2 बच्चों समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीएमएम के स्टालिन ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 3-3 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### असम में 'पाक समर्थक' पोस्ट में 9 गिरफ्तार



गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक रुख अपनाने के आरोप में राज्य में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिससे राज्य में इस तरह के मामलों में गिरफ्तार लोगों की संख्या 9 हो गई है। उन्होंने बताया कि नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार रात श्रीभूमि जिले में की गई।

प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए देशभर के 47 केंद्रों से जुड़े

# 'विकसित भारत' के निर्माण में युवाओं का किया आह्वान, 51, 236 नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेला कार्यक्रम में 51,236 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गाया। इसमें देशभर के 47 केंद्रों से जुड़ा रहा। पीएम मोदी ने नए कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब वे भारत की अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि आपकी लगन जितनी अधिक होगी, हम उतनी तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि जब देश के विकास में युवा भागीदार बनते हैं, तो तेजी से तरक्की होती है। उन्होंने 'स्किल इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने नवाचार, स्वरोजगार और तकनीकी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। डिजिटल क्रांति में भारत की उपलब्धियों को उजागर करते हुए पीएम मोदी ने युवाओं की मेहनत को श्रेय दिया।

**रोजगार मेला का आयोजन**

### 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' का किया जिक्र

पीएम ने केंद्रीय बजट में घोषित 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' की भी चर्चा की, जो 'मेक इन इंडिया' अभियान को गति देगा और युवा उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा वाले उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल, फुटवियर, खादी और कुटीर उद्योग जैसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खादी का कारोबार अब 1.7 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

### देश के युवा विकास में शामिल होंगे तो तरक्की भी होगी पक्की




### आइए, हम सब मिलकर 'विकसित' और 'समृद्ध' भारत बनाएं

पीएम ने कहा कि हम सब मिलकर एक 'विकसित' और 'समृद्ध' बनाएं। ये नई नियुक्तियां गृह मंत्रालय, रेल मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, राजस्व विभाग और उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालयों और संगठनों में की गई हैं। अक्टूबर 2022 से अभियान के तहत अब तक 10 लाख से अधिक स्थायी सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। पहले मेले में 75,000 और दिसंबर 2023 में आयोजित 14वें मेले में 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे।

**आज जलमार्गों की संख्या बढ़कर हो गई 110**

पीएम ने बताया कि जलमार्गों से माल ढुलाई 2014 में 18 मिलियन टन से बढ़कर आज 145 मिलियन टन हो गई है और राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या 5 से बढ़कर 110 हो गई है।

**एआई और नए मीडिया क्षेत्र युवाओं के लिए बड़े अवसर होंगे**

पीएम ने मुंबई में 2025 में होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन एआई और नए मीडिया क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा।

**महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा भी की**

महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की प्रशंसा करते हुए पीएम मोदी ने हालिया यूपीएससी परीक्षा परिणामों का जिक्र किया, जिसमें शीर्ष दो स्थान महिलाओं ने हासिल किए।





'मन की बात' का 121वां एपिसोड आज

## 'नमन परिवार' को समर्पित होगा यह कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 121वें एपिसोड में इस रविवार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। पूर्वी भारत के बिहार, बंगाल, उड़ीसा और झारखंड में से इस बार जमशेदपुर स्थित नमन परिवार को इससे सीधे जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। देशभर में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने वाले नमन परिवार के सदस्य 27 अप्रैल के पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुनेंगे और साथ ही शहीद परिवारों एवं पूर्व सैनिकों को समर्पित एक विशेष आयोजन का भी हिस्सा बनेंगे। यह आयोजन साकची काशीडीह स्थित नमन कार्यालय में होगा, जहां नमन के सदस्यगण, पूर्व सैनिक, युवा और समाजसेवी एकत्रित होंगे। देश के रक्षार्थ अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का सम्मान और उनके परिवारजनों के साथ एक आत्मीय संवाद कार्यक्रम का केंद्र बिंदु होगा।

नूंह में एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## 7 सफाई कर्मचारियों की मौत व 4 गंभीर घायल



एजेंसी नूंह

जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर इब्राहिमबास गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों को टक्कर मार दी। इस भीषण हादसे में 6 सफाई कर्मचारियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। सफाई करने वाले 11 कर्मचारियों में 10 महिलाएं और एक पुरुष था। जिनमें से 6 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई और 5 लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक और सफाईकर्मी ने दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 7 लोगों की मौत हो गई है। चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य किया जा रहा था

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ, जब करीब 11 सफाई कर्मचारी एक्सप्रेसवे पर सफाई कार्य कर रहे थे। अचानक आई तेज रफ्तार पिकअप ने इन कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 कर्मचारियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल पांच कर्मचारियों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक और कर्मचारी की मौत हो गई। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### शवों के टुकड़े हो गए

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। देखते ही देखते सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई। एंबुलेंस, रोड सुरक्षा एजेंसी के वाहन और पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। हादसे की भयावहता ऐसी थी कि आसपास के लोग स्तब्ध रह गए। कई शवों के टुकड़े अलग-अलग हो गए। लोग इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं और मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। कई यूजर्स ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग भी उठाई है।

केजीएमयू में मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान बवाल

## पुलिस और डॉक्टरों पर किया पथराव कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद

एजेंसी लखनऊ

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में शनिवार की सुबह बड़ा बवाल हो गया।

अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार के पास अतिक्रमण हटाने के दौरान चिकित्सकों की टीम और पुलिस पर पथराव किया गया। सूचना अन्य चिकित्सकों तक पहुंची तो बड़ी संख्या में डाक्टर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। कई थानों की फोर्स भी मौके पर है।

### अस्पताल परिसर के अंदर बनी मजार का मामला

**अतिक्रमणकारियों ने किया पथराव, दो डॉक्टर घायल**



शनिवार की सुबह केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के पिछले हिस्से में बनी हजरत कवामुद्दीन हाजी हरमैन साहब की मजार के आसपास किए गए बड़ी संख्या में अतिक्रमण और कब्जे को हटाने के लिए चिकित्सकों की टीम पुलिस के साथ पहुंची थी। इस बीच अंदर मौजूद अतिक्रमणकारियों ने टीम पर पथराव कर दिया। घटना में दो चिकित्सकों के घायल होने की सूचना भी है। बवाल की सूचना पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। किसी को भी मजार के पास जाने से रोक दिया गया है। उधर बवाल की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

**ईडी की कार्रवाई**

### गोवा में 1,000 करोड़ का भूमि घोटाला मिला

पणजी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में उच्च मूल्य की जमीनों का कथित रूप से धोखाधड़ी से हस्तांतरण करने संबंधी 1,000 करोड़ के भूमि घोटाले के सिलसिले में गोवा में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी और उसके बाद की वित्तीय जांच के आधार पर गुरुवार और शुक्रवार को छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि जांच में पता चला कि रोहन हरमलकर मुख्य साजिशकर्ता है।

### मेरठ में पहलगाम हमले का विरोध




मेरठ। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ द्वारा आहूत बंद के दौरान शनिवार को मेरठ में लोग विरोध मार्च में हिस्सा लिया।

हैदराबाद में राहुल ने सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

## आज विपक्ष से संवाद नहीं, कुचलने का प्रयास हो रहा

भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही

एजेंसी हैदराबाद

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ साल पहले कांग्रेस पार्टी खुद को पूरी तरह से फंसा और अलग-थलग महसूस कर रही थी। उन्होंने कहा कि नई राजनीति जो आक्रामक है और जहां विपक्ष से संवाद नहीं बल्कि उसे कुचलने का प्रयास होता है, उसने हमारे सभी रास्ते बंद कर दिए। मीडिया और माहौल दोनों ने हमें स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की खूब सराहना भी की।

### सरकार डर और नफरत में हमें हर बार हरा देगी



राहुल गांधी ने बताया कि इसी स्थिति में कांग्रेस ने अपने इतिहास में झांका और कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालने का फैसला किया. उन्होंने कहा कि इस यात्रा से मैंने दो बातें सीखी। पहली- हमारे विरोधियों के पास गुस्सा, डर और नफरत पर एकाधिकार है। हम उनसे इस मैदान पर कभी मुकाबला नहीं कर सकते। वे गुस्से, डर और नफरत में हमें हर बार हरा देंगे। राहुल ने कहा कि अब सवाल ये है कि कांग्रेस को किस जगह और किस भावना से काम करना चाहिए और कैसे एक मजबूत जवाबी नैरेटिव खड़ा किया जा सकता है।

### सीएम रेड्डी ने गिनाईं उपलब्धियां

इससे पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत समिट में कहा कि तेलंगाना एक समृद्ध इतिहास, अनूठी संस्कृति और परंपराओं की भूमि है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे छात्रों, श्रमिक संगठनों, किसानों और महिलाओं के नेतृत्व में लंबे संघर्ष के बाद तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भी लोगों की आकांक्षाएं पूरी नहीं हो सकीं। कांग्रेस पार्टी को सत्ता सौंपते हुए जनता ने उम्मीद जताई थी कि उनके सपने साकार होंगे और उनकी सरकार अब इन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में 20,617 करोड़ के कृषि ऋण माफ़ किए गए।

नड्डा ने की गणपति की पूजा-अर्चना

## पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे

एजेंसी पुणे



भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को 'करारा' जवाब देगा। इस सप्ताह की शुरुआत में हुए हमले में 26 लोगों की मौत गई थी। श्रीमंत दगडूशेठ गणपति की पूजा-अर्चना करने के बाद यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में नड्डा ने कहा कि पूरा देश उम्मीद करता है कि पीएम नरेंद्र मोदी इस हमले का कड़ा जवाब देंगे। नड्डा ने कहा कि मैं यहां गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने आया हूं। जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में कायरतापूर्ण हमला हुआ, उससे पूरा देश गुस्से में है। उन्होंने कहा कि वह आशीर्वाद मांगते हैं कि देश स्थिति का मजबूती से सामना करे। मुझे विश्वास है कि गणेशजी के आशीर्वाद से देश इस कठिन समय से गुजर जाएगा और पीएम मोदी के नेतृत्व में जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब दिया जाएगा।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स S&P 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। S&P 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

मार्केट में दहशत: इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है।

पॉवेल से मदद नहीं: अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

स्टीमुलस से आशा: ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

ज्यादा असर नहीं: भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।

# 'जय श्री राम' का नारा लगवाकर घिरे तमिलनाडु के राज्यपाल



तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। सुप्रीम कोर्ट से हाल ही में फटकार झेलने के कुछ ही दिनों बाद, 12 अप्रैल को मदुरै के त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों से 'जय श्री राम' के नारे लगवाए। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और विपक्षी दलों ने इसे संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए राज्यपाल के इस्तीफे की मांग कर दी।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि 12 अप्रैल 2025 को मदुरै के त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने साहित्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे और वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया।

इस वीडियो पर तमिलनाडु के स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम यानी SPCSS-TN ने कहा कि राज्यपाल आरएन रवि ने अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया है। SPCSS-TN के बयान की 3 प्रमुख बातें...

आरएन रवि ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत शपथ ली है और अपनी शपथ में उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वे अपनी पूरी क्षमता से संविधान और कानून का संरक्षण, सुरक्षा और बचाव करेंगे। वे तमिलनाडु के लोगों की सेवा और भलाई के लिए खुद को समर्पित करेंगे।

राज्यपाल को कॉलेज में साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। उन्हें किसी खास धर्म के प्रचारक के तौर पर आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्हें धार्मिक उपदेश देने के लिए नहीं कहा गया था।

राज्यपाल रवि तमिलनाडु के स्कूलों और कॉलेजों में अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम और सिलेबस से अनजान हैं। अपनी अज्ञानता और अहंकार के कारण वह शांति भंग करने और एक समूह को दूसरे के खिलाफ भड़काने के उद्देश्य से गलत विचारों का प्रचार कर रहे हैं।

वहीं, DMK प्रवक्ता धरणीधरन ने कहा, 'यह देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है। राज्यपाल बार-बार संविधान का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं? उन्होंने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है? वह आरएसएस के प्रवक्ता हैं। हम जानते हैं कि उन्होंने देश के संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन कैसे किया और सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें उनकी जगह कैसे दिखाई है।'

संवैधानिक पदों को भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। यह पद देश के शासन, न्याय और प्रशासन को बेहतर तरीके से चलाने के लिए बनाए गए हैं। इन पदों पर बैठे लोगों कh विशेष शक्तियां और जिम्मेदारियां होती हैं और उन्हें संविधान द्वारा सुरक्षा दी जाती है।

मसलन- इनमें से कुछ पदों पर बैठे व्यक्ति को सिर्फ संसद के विशेष प्रस्ताव यानी महाभियोग से ही हटाया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 52, 74, 124, 148 में संवैधानिक पदों का उल्लेख किया गया है।

संविधान विशेषज्ञ और लोकसभा के महासचिव रहे पीडीटी आचार्य बताते हैं, 'भारत एक सेक्युलर देश है और सेक्युलरिज्म भारत के संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में है। राष्ट्रपति, राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे लोग संविधान की रक्षा की शपथ लेते हैं, इसलिए उन्हें एक खास धर्म की बातें या नारे सार्वजनिक तौर पर नहीं कहना चाहिए।'

संविधान के जानकार और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसरानी कहते हैं...

भारत में जब भी किसी व्यक्ति को संवैधानिक पद मिलता है, तो उन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत शपथ दिलाई जाती है। इसमें वे प्रतिज्ञा लेते हैं कि संविधान की रक्षा करेंगे और उल्लंघन नहीं करेंगे।

भारत के संविधान में अलग-अलग जगहों पर सेक्युलर और सेक्युलरिज्म का जिक्र है। संविधान की उद्देशिका में भी 'सेक्युलर' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। संविधान के आर्टिकल 25, 26, 27 और 28 नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं। ऐसे में संवैधानिक व्यक्ति और सरकार किसी भी धर्म का प्रचार या पक्ष नहीं ले सकते। ये उनकी नैतिक बाध्यता है।

26 जनवरी 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था, तब इसमें 'सेक्युलर' यानी 'धर्मनिरपेक्ष' का कहीं उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन 1976 में 42वें संविधान संशोधन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'सेक्युलर' शब्द जुड़वा दिया, जिसका हिंदी में अर्थ 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं बल्कि 'पंथनिरपेक्ष' लिखा गया।

'धर्मनिरपेक्ष' का मतलब है कि राज्य किसी भी धर्म को प्राथमिकता नहीं देता और धर्म से अलग रहकर काम करता है। जबकि 'पंथनिरपेक्ष' का मतलब होता है कि सरकार किसी भी पंथ या संप्रदाय के लिए पक्षपात नहीं करती और सभी को समान रूप से देखती है। यानी सरकार किसी खास धार्मिक गुट यानी शैव, वैष्णव, शिया या सुन्नी का पक्ष नहीं लेगी।

पॉलिटिकल एक्सपर्ट रशीद किदवई कहते हैं, 'किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की पंथनिरपेक्षता उसका व्यक्तिगत फैसला है। पहले पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और अब नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ का धर्म को लेकर अलग-अलग नजरिया है। संविधान में धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना या न लेने का जिक्र नहीं है। पहले धार्मिक गतिविधियों को संविधान के खिलाफ समझा जाता था और अब इसे संवैधानिक पद पर रहते हुए किया जाता है।'

रशीद किदवई कहते हैं, 'भारत की राजनीति के कई दौर रहे। पहले सेक्युलरिज्म को महत्व दिया जाता था और अब हिंदुत्व को, यानी जिसकी लाठी उसकी भैंस। धर्म के नाम पर राजनीति चरम पर है। इस कारण इसका जमकर फायदा उठाया जा रहा है। संविधान में इसका जिक्र नहीं होना सोने पर सुहागा हो गया है।'

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि संवैधानिक पद पर पदस्थ व्यक्ति को न्यूट्रल रहना चाहिए। उसे किसी धार्मिक गतिविधि, आयोजन या धार्मिक स्थलों पर नहीं जाना चाहिए। इससे अन्य धर्मों के लोगों में गलत संदेश जाता है। इससे ऐसा लगता है कि वह व्यक्ति किसी खास धर्म का प्रचार कर रहा है। इससे जुड़ा एक किस्सा भी है...

वरिष्ठ पत्रकार दुर्गा दास की किताब 'इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू' के मुताबिक, मई 1950 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को गुजरात के सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन पर जाने का निमंत्रण मिला, लेकिन तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस पर एतराज जताया। नेहरू का मानना था कि राष्ट्रपति के किसी मंदिर के कार्यक्रम में जाने से दूसरे धर्म के लोगों में गलत संदेश जाएगा। लेकिन प्रसाद नेहरू की इच्छा से सहमत नहीं हुए।

आरएन रवि पहले भी कई बड़े विवादों में घिर चुके हैं...

विधानसभा से वॉकआउट: जनवरी 2023 में राज्यपाल रवि ने तमिलनाडु विधानसभा के उद्घाटन सत्र में राज्य सरकार के भाषण को पढ़ने से इनकार कर दिया और सदन से वॉकआउट कर गए। इस घटना को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन बताया।

राष्ट्रगान विवाद और वॉकआउट: 6 जनवरी 2024 को राज्यपाल ने विधानसभा सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न बजाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सत्र की शुरुआत और अंत दोनों में राष्ट्रगान बजाया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार के अभिभाषण के कुछ हिस्सों को नैतिक और तथ्यात्मक आधार पर अस्वीकार करते हुए भाषण पूरा नहीं किया और सदन से वॉकआउट कर गए।

सरकार ने राज्यपाल हटाने की मांग की: 2022 में सीएम एमके स्टालिन की पार्टी DMK ने राष्ट्रपति से राज्यपाल रवि को हटाने की मांग की थी। स्टालिन सरकार ने राज्यपाल रवि को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लगा चुकी है। हालांकि, 3 जनवरी 2025 को याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम इस तरह के मामले में कोई आदेश नहीं दे सकते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट से फटकार: 8 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया और कहा, 'विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं।' तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने गवर्नर आरएन रवि के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। स्टालिन सरकार ने कहा, 10 बिलों को बिना कारण बताए विधानसभा लौटा दिया है। वहीं 2 बिलों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया है।

राज्यपाल के पक्षकारों की तरफ से 2 तर्क दिए जा सकते हैं। पहला- राज्यपाल ने गैर-शासकीय कार्यक्रम में यह नारा लगवाया, जिससे संविधान का कोई उल्लंघन नहीं होता। दूसरा- कार्यक्रम का विषय कम्ब रामायमणम था, जिसमें नारा लगवाते हुए कहा कि राम के महान भक्त को श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए।

आतंकी हमला
मनोज कुमार अग्रवाल



## नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## ताज की बढ़ी सुरक्षा



उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल पर मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षाकर्मी चौकसी बरत रहे हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

-मार्क कार्नी, पीएम, कनाडा

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के जरिए साकार किया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। -शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचे श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

### महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।



रॉयल पत्रिका

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने रोजगार मेले में युवाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। शनिवार को देशभर के 51 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्ति पत्र देने के लिए रोजगार मेला का आयोजन हुआ, देशभर के लगभग 45 स्थानों पर आयोजित हुए रोजगार मेले के 15वें संस्करण का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा शुभारंभ किया।




जयपुर के आयकर भवन में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उपस्थित होकर अनेक विभागों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्रो का वितरण कर नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने रोजगार मेले को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं को सरकारी नौकरियाँ देने के संकल्प के तहत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 51000 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण कर युवाओं के सपनो को नई उड़ान दी है।

राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति के योगदान को बढ़ावा देने में रोजगार मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवाओं को सशक्त बनाने और उनके सामर्थ्य को आगे बढ़ाने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मोदी सरकार लगातार कार्य कर रही है।

यह मेला हमारे देश के युवाओ के कौशल, मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस अभिनव पहल के माध्यम से अब तक लगभग 9 लाख से अधिक युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं।

रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह रोजगार मेला एक अहम कदम साबित हो रहा है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर युवाओं के सशक्तिकरण एवं राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

दुनिया का सबसे युवा देश भारत अपनी युवा शक्ति के परिश्रम एवं उद्यम के बल पर आगे बढ़ रहा है। रोजगार मेले के कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, मालवीय नगर विधायक एवं पूर्व मंत्री कालीचरण सराफ, मुख्य आयकर आयुक्त राजस्थान सुमित कुमार, आयकर आयुक्त शैलेंद्र शर्मा सहित गणमान्यजन उपस्थित रहें।

# केंद्रीय वन मंत्री ली अलवर शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं स्वच्छता के संबंध में समीक्षा बैठक

अलवर, (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में अलवर शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं शहर को स्वच्छ शहरों में अग्रणी बनाने के संदर्भ में समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा मौजूद रहे।



**स्वच्छता हेतु बनाए एकीकृत कार्य योजना**

केंद्रीय मंत्री यादव ने बैठक में कहा कि देश के स्वच्छ शहरों की तर्ज पर अलवर शहर का भी स्वच्छता में एक मॉडल बने, इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिये कि शहर की परिसीमा के नगर निगम, यूआईटी, रीको व ग्रामीण क्षेत्रों की सफाई का एकीकृत मॉडल विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर निगम साफ-सफाई व्यवस्था की 300 दिवसीय विस्तृत कार्य योजना बनाए, जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सिवरेज वाटर ट्रीटमेंट व इसके उपयोग तथा लीगेसी बेस वेस्ट का निस्तारण, कचरा संग्रहण व उसके ट्रांसपोर्टेशन के घटकों को शामिल करें तथा इसमें जन जागरूकता को भी शामिल करें।

**शहर में स्वच्छता संस्कृति विकसित करने हेतु जन जागरूकता जरूरी**

उन्होंने सफाई व्यवस्था में संलग्न कार्मिकों को स्कील ट्रेनिंग देने के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य पर विशेष फोकस किया। उन्होंने अलवर शहर में स्वच्छता को संस्कार में लाने व स्वच्छता संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने शोधित जल के औद्योगिक उपयोग के लिए औद्योगिक इकाइयों से समन्वय कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने अग्यारा स्थित नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लांट के अपग्रेडेशन के प्रस्ताव तैयार करने तथा इसको पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की कार्य योजना बनाने के साथ इस प्लांट का थर्ड पार्टी के द्वारा निरीक्षण कराने के निर्देश दिये।

**विकास कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर धरातल पर उतारे**

उन्होंने शहर के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वीकृत विकास कार्यों का एक एकीकृत फ्लो चार्ट बनाने के निर्देश दिये, जिसमें विकास कार्य का विवरण, कार्य की वर्तमान स्थिति, कार्य पूर्ण होने की स्थिति आदि की बिन्दवार जानकारी रहे। इस फ्लो चार्ट की पाक्षिक तौर पर मॉनिटरिंग की जावे।

इनसे संबंधित केंद्र व राज्य सरकार स्तर के विषयों से अवगत कराया जावे ताकि उनको समयबद्ध रूप से निस्तारित कराकर विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री यादव को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से कराई जाएगी।

# संविधान बचाओ रैली में बारां से 28 अप्रेल को एक हजार कांग्रेसजन करेंगे जयपुर में शिरकत

## -तैयारी बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय श्रीजी चोक पर संपन्न

**शब्बीर हुसैन**

बारां,(रॉयल पत्रिका)। अहमदाबाद में आयोजित एआईसीसी बैठक और बेलगावी में विस्तारित सीडब्ल्यूसी की बैठक में लिये गये निर्णयों की 19 अप्रैल, 2025 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई एआईसीसी महासचिवों, प्रभारी और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की बैठक में एक बार फिर पुष्टि की गई, उसके अनुसार संविधान बचाओ अभियान को ऐतिहासिक 40 दिवसीय राष्ट्रीय आंदोलन के माध्यम से पूर्ण समर्पित भाव से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के आदर्शों पर मोदी सरकार द्वारा सीधे और सुनियोजित तरीके से प्रहार किया जा रहा है। यह अभियान सरकार द्वारा संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन और राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से केन्द्रीय एजेंसियों के खुले तौर पर हथियारबंद किये जाने, संघीय सिद्धांतों के बार-बार अतिक्रमण और बढ़ती मंहगाई, बरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर सरकार की शर्मनाक उपेक्षा के खिलाफ एक शक्तिशाली, जनाधारित राजनीतिक प्रतिरोध का प्रतीक है। संविधान के प्रति एक घोर अपमान की भावना से न्यायपालिका को भी अब प्रत्यक्ष धमकियों और दबाव की रणनीति से शिकार बनाया जा रहा है जो बढ़ती तानाशाही का स्पष्ट संकेत है।

सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी वाड्रा के परिवार के खिलाफ मनगढंत मामलों में चल रही यह जाँच राज्य मशीनरी के घोर दुरूपयोग के सिवा कुछ नहीं है, कांग्रेस नेतृत्व और उनके परिवार को झूठे और मनगढंत मामलों के जरिये निशाना बनाकर, भाजपा सरकार जनता और राष्ट्र की आत्मा के साथ सदैव खड़ी रहने वाली कांग्रेस पार्टी को दबाने का हठधर्मी प्रयास कर रही है। यह लोकतांत्रिक विपक्ष की मूल अवधारणा पर एक सीधा और खतरनाक हमला है। यह प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के द्वारा मिलकर रचा गया डराने-धमकाने का एक घिनौना राजनीतिक प्रयास हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री कैलाश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा द्वारा की गई। बैठक में सभी ब्लाक अध्यक्षों समेत मंडल अध्यक्षों से दूरभाष पर चर्चा की गयी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जयपुर में भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे की न्यू गेट रामलीला मैदान जयपुर में आयोजित सभा पहुचने का आग्रह किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रामचरण जी मीणा, पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, पूर्व विधायक करण सिंह जी, निर्मला सहरिया, समेत अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर लोक बन्धु ने किया नरेगा कार्यों का निरीक्षण

अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। जिले में चल रहे नरेगा कार्यों का शनिवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा निरीक्षण किया गया। नसीराबाद के उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव ने बताया कि जिला कलक्टर लोक बन्धु ने शनिवार को विभिन्न नरेगा कायोरं् के निरीक्षण किया। उनके द्वारा शुक्रवार को रात्रि चौपाल के उपरांत क्षेत्र में ही रात्रि विश्राम किया गया था। इसके पश्चात उन्होंने देराठूं ग्राम पंचायत में चल रहे नरेगा कायोरं् का आकस्मिक निरीक्षण किया। देराठूं के बामनिया बालाजी के पास चारागाह में नाडी निर्माण कार्य तथा आव खुदाई के कार्य का अवलोकन विभागीय अधिकारियों के साथ किया गया। इस दौरान गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्य स्थल पर छाया, पानी की पर्याप्त व्यवस्थाएं थी। गर्मी और मौसमी बीमारियों के अनुसार मेडिकल किट नरेगा साइट पर पाया गया।



उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा श्रमिकों द्वारा किए गए कार्य की नाप ली गई। इस कार्य को करने के संबंध में श्रमिकों के साथ चर्चा की। कार्य स्थल पर उपस्थिति की जांच के दौरान पोर्टल खोलकर पिछली उपस्थितियों से तुलना की गई। समूह में नाप के अनुसार कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।


श्रमिकों को दिए गए कार्य को पूर्ण करने पर पूरा भुगतान मिलता है। इस संबंध में श्रमिकों को जागरूक भी किया गया। नरेगा की गाइडलाइन के अनुसार कार्य किए जाने चाहिए। कनिष्ठ तकनीकी सहायक (जेटीए) द्वारा कार्य की पूरी ब्रीफिंग श्रमिकों के साथ नियमित रूप से होनी चाहिए। समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी लगातार कार्य स्थलों का निरीक्षण कर सीधी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे।

**कारण बताओ नोटिस देने के दिए निर्देश**

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी महेश चौधरी को संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता आर. डी. गुर्जर को नोटिस जारी किया जाएगा। इसी प्रकार चारों नरेगा मेटों को भी ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

# अखिल भारतीय महिला जिला संगठन इकाई बारां के रोजगार मेले का हुआ शुभारंभ

बारां, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला संगठन इकाई बारां की ओर से कोटा रोड स्थित सौभाग्य श्री मैरिज गार्डन में मेला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष नीतू गुप्ता व महामंत्री मधु गोयनका ने बताया कि मेले का शुभारम्भ बीजेपी नेता आन्नद गर्ग ने फीता काटकर किया। वैष्णव अग्रवाल पंचायत के अध्यक्ष अशोक बंसल, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गोयनका, समाज के प्रतिष्ठित अशोक कुमार गर्ग करोलिया एवं सुरेंद्र गुप्ता, संस्था धर्मशाला के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, राजेंद्र मित्तल, सुनील अग्रवाल, पीयूष गर्ग, मैना बंसल, उर्मिला बंसल, मंजू आनंद गर्ग, पिंकी गोयनका, राखी गोयल, अल्का जिंदल आदि के सानिध्य में मेले का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम गणेश जी की मूर्ति और अग्रसेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उसके बाद मंचासीन अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।



आगे की श्रृंखला में महेंद्र गोयल, हिमांशु बंसल, त्रिलोक सोनी, जो की मेले के दानदाता के रूप में विराजमान थे। उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कोषाध्यक्ष बबली अग्रवाल एवं हेमलता गर्ग ने बताया कि सभी अतिथि को मेले का भ्रमण कराकर अल्पाहार करवाकर विदा किया। मंच का संचालन मंजू गोयल व सुनीला अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्यों ने अपनी, अपनी जिममेदारी को बखूबी निभाया। मेले में सभी प्रकार की दुकानों साडी, लहंगा, सूट आदि की शॉपिंग करके बारां की सभी महिलाएं नई वैरायटी की चीज लेकर बहुत खुश हुई।

# रावणा राजपूत समाज संस्थान के 1111 पाली के परिंदों के परिंडा अभियान का शुभारंभ

पाली, (रॉयल पत्रिका)। पाली जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे परिंडा अभियान को भामाशाहों और समाजसेवी संस्थाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अभियान के तहत, जिले में परिन्दों के लिए परिंडे लगाए जा रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी के मौसम में पानी मिल सके।

जिला कलेक्टर एल एन मंत्री के सानिध्य में आज शनिवार को रावणा राजपूत समाज संस्थान के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से 1111 परिंडों के वितरण का शुभारंभ किया।

समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर एन एल मंत्री ने कहा कि बेजुबान परिन्दों के लिये पेयजल की व्यवस्था कराना परमार्थ का कार्य है। साथ ही प्राकृतिक और पर्यावरण का संरक्षण भी होता है। इस पुण्य कार्य मे अपना परिंडा अभियान में योगदान के लिये सीमित की प्रशंसा की ।

परिंडा अभियान के जिला सयोजक सोहन लाल भाटी ने बताया कि परिंडों का वितरण रावणा राजपूत समाज संस्थान द्वारा पाली जिले के ईकाई स्तर पर गठित इकाइयों के माध्यम से 1111 परिंडे वितरित किए जाएगे।

अभियान का उद्देश्य पक्षियों को गर्मी के मौसम में पानी उपलब्ध कराना है, और इसके लिए जिला प्रशासन और समाजसेवी संस्थाएं मिलकर काम कर रही हैं। समिति के सदस्यों से आग्रह किया इस पुण्य एव परमार्थ के लिये परिंडो की नियमित देखभाल एवँ पानी डालते रहे। मात्रा में परिंदों को पानी मिलाने से परिंदों में हाइड्रेट की मात्रा बनी रहेगी परिंडा वितरण के दौरान सरंक्षक मूलसिंह भाटी, जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार, अर्जुन मेहता,महेन्द्र बोहरा ब्रांड एंबेसडर परिंदा अभियान पाली,जनसेवा सद्भावना समिति के चेयरमैन राजकुमार मेड़तिया,कुलदीप पंवार, महिला जिलाध्यक्ष सिंधु कंवर ,शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला केशर सिंह मांगलिया,गोपाल सिंह चावड़ा, सन्तु सिंह सोलंकी, लाल सिंह पंवार, किशोर सिंह सोलंकी, पूनम सिंह, विक्रम सिंह भेसाणा, मांगूसिंह गोयल, शैतान सिंह राठौड़, राजू सिंह आऊवा, दलपत सिंह , महेंद्र सिंह भाटी, राजू सिंह पंवार, सुमेर सिंह चावड़ा, करण सिंह, जब्बर सिंह देवल, ओम सिंह सोढा, जवाहर सिंह खोखर, गणपत सिंह दईया, भवानी सिंह, सहित कई गणमान्य बंधुओ उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर मंत्री ने बांगड अस्पताल का निरीक्षण

## -विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया दिए आवश्यक निर्देश

पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने आज शनिवार को बांगड़ अस्पताल का निरीक्षण किया और जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने द्वारा विभिन्न वार्डों में जाकर जायजा लिया साथ ही वहां मरीजों एवं उनके रिश्तेदारों से अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये।




जिला कलक्टर मंत्री ने इस अवसर पर बांगड़ अस्पताल में चल रहे सीवरेज लाइन के कार्यों की समीक्षा की तथा ठेकेदार को 30 मई तक कार्य पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही रेड क्रॉस के सदस्यों बांगड़ हॉस्पिटल की अधीक्षक, पीडब्ल्यूडी केएईन एक्सईएन सिविल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एवं सीवरेज लाइन के ठेकेदार के साथ मीटिंग ली गई। बांगड़ अस्पताल में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहे रिनोवेशन कार्य की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने इस अवसर पर बांगड़ अस्पताल में रेड क्रॉस की सहायता से लगाए गए ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन भी किया तथा रेड क्रॉस द्वारा कराए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख भी मौजूद रहे।

उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर हजारीमल चौधरी द्वारा कराए गए लू तापघात की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक सुझाव दिए। रेड क्रॉस के अध्यक्ष जिनेंद्र जैन, डॉ जेपी उदावत, जगदीश गोयल आदि मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने शहर में पेयजल एवं सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

## -पानी की आपूर्ति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति नियमित, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने जल स्रोतों की निगरानी, समय-समय पर पानी के सैंपल लेने तथा पानी की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में पानी प्रेसर भी जायजा लिया।



जिला कलक्टर ने शनिवार प्रातः निरीक्षण के दौरान सब्जी मंडी जोन में जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। यहाँ सीवरेज कार्य के दौरान नगर परिषद द्वारा उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त कर दिए जाने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताई और नल कनेक्शन शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सीवरेज कार्य से खोदे गये गड्ढों को भी शीघ्र भरने के निर्देश दिए गए।

सब्जी मंडी जोन में जलापूर्ति दबाव संतोषजनक पाया गया। उपभोक्ता धनराज के घर पर पानी का दबाव 0.7 किलोग्राम प्रति वर्ग सेंटीमीटर मापा गया, जिसे बढ़ाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता को दिए गए। अवशेष क्लोरीन की मात्रा भी संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ता जयसिंह के घर के पास पाइप लाइन को वॉश करने हेतु भी निर्देश प्रदान किए गए।

दयानंद नगर जोन में भी जलापूर्ति व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। हालांकि, निरीक्षण के दौरान डॉ. वर्षा बागड़ी के घर पर व्यर्थ जल बहाने की शिकायत पर कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए नागरिकों से पानी की बचत करने की अपील की।

बालाजी नगर भक्ति सागर जोन में उपभोक्ता जगदीश मेघवाल के घर जल नमूना लिया गया। जगदीश मेघवाल अंतिम छोर पर होने के कारण कम दबाव व कम समय जलापूर्ति मिलने की शिकायत पर कलक्टर ने जल दबाव बढ़ाने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र में अवैध कनेक्शनों की शिकायत पर अवैध कनेक्शन धारकों को चिन्हित कर कार्यवाही करने के आदेश भी दिए गए।

जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की कि वे पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कंज्यूमर केयर सेंटर (मो. नं. 7850022043) अथवा जिला स्तरीय कंट्रोल रूम (फोन नं. 07453-294754) पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में नियमित सफाई हो, नालियों की समय-समय पर सफाई कराई जाए और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

इस मौके पर नगर परिषद के अधिशासी अभियंता भुवनेश मीणा, सहायक अभियंता मानसिंह मीणा सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (च्भ्म्क्) के अधिकारी व अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पाली व रोहट ब्लॉक उचित मूल्य दुकानदारों ली बैठक

पाली, (रॉयल पत्रिका)। खाद्य मंत्री द्वारा गिव अप के तहत जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना में शनिवार को पंचायत समिति सभागार पाली में ब्लॉक पाली एवं रोहट के समस्त उचित मूल्य दुकानदारों की बैठक ली गई, जिसमें स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड सके। जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा अपात्र लोगों को स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए "गिव-अप अभियान" प्रारंभ किया गया है। गिव अप अभियान के तहत जिले में अब तक 5612 परिवारों के 23854 सदस्यों द्वारा आवेदन करने पर उनका नाम खाद्य सुरक्षा सूची से निष्कासित किया जा चुका है। इस अभियान के तहत आयकर दाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी कर्मचारी या अन्य आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति दिनांक 30 अप्रेल, 2025 तक खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम स्वेच्छा से हटवा सकते है, उसके पश्चात् संबंधित अपीलीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी से जांच करवायी जायेगी तथा अपात्र पाये जाने पर उनके विरूद्ध वसूली की कार्यवाही होगी। इस संबंध में बैठक में उपस्थित समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षैत्र के अपात्र परिवारों का चिन्हिकरण कर उन्हें स्वतः ही खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने हेतु आवेदन करने बाबत प्रेरित करे।

उन्होंने बताया कि मुख्य मंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के बिन्द संख्या 80 अनुसार अल्प आय वर्ग के परिवारों को भी रोजमर्रा की आवश्यकता का सामान उचित मूल्य पर मिल सके। इसके लिए 5 हजार उचित मूल्य दुकानों पर "अन्नपूर्णा भण्डार" खोले जाने है। उक्त संबंध में इच्छुक उचित मूल्य दुकानदारों को सहमति पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि प्रस्ताव विभाग को भिजवाये जा सके।

बैठक में जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह, प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार व जितेन्द्रसिंह आशिया तथा कनिष्ठ सहायक हेमन्त सेन व धर्मपालसिंह जैतावत और उचित मूल्य दुकानदार उपस्थित रहे।

# हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण और टीकाकरण कार्यक्रम संपन्न

## -धार्मिक ज्ञान व स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज यात्रा 2025 के लिए चयनित सवाई माधोपुर जिले के हज यात्रियों को आवश्यक धार्मिक प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों से अवगत कराने के उद्देश्य से शनिवार को जामा मस्जिद, शहर सवाई माधोपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तिलावत से हुई। इसके पश्चात जयपुर से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने हज यात्रा की संपूर्ण प्रक्रिया, धार्मिक विधियों, महत्वपूर्ण नियम-कायदों एवं यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने हज के अरकान आवश्यक कर्तव्यों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे यात्री आगामी यात्रा में किसी भी कठिनाई से बच सकें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण:- स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हज यात्रियों का आवश्यक टीकाकरण भी किया गया।

यात्रियों को स्वास्थ्य सुरक्षा, सफर के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और विशेष दिशा-निर्देशों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी यात्रियों के सफल और सुरक्षित हज यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर खिदमतगार गुरप की ओर से हाजियों को शरबत भी पिलाया गया।

इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना, ब्लॉक नोडल शिक्षा अनुदेशक मोहम्मद नईम, इरशाद अंसारी, बसारत, मन्नान, जियाउल इस्लाम, वहीद अली, कलाम, हासिम तथा हज कमेटी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# खेल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित किया जाएगा फिट इंडिया साइकिल अभियान

अलवर, (रॉयल पत्रिका)। भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण केंद्र अलवर के प्रभारी शिव कुमार सैनी ने बताया कि फिट इंडिया साइकिल ड्राईव अभियान के तहत 27 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से भारतीय खेल प्राधिकरण खेल प्रशिक्षण केंद्र अलवर के द्वारा जिले के पत्रकारों के साथ साइकिल अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरूआत स्टेडियम के मुख्य से पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच सबल प्रताप सिंह फ्लैग ऑफ करके करेंगे।

# सोने में तेजी से गोल्ड ईटीएफ का चला जादू, चौंका रहा रिटर्न

*● रिटर्न देने में एसआईपी को भी पीछे छोड़ा ● सोने के ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को भी पछाड़ा ● एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में 54.35% का रिटर्न मिला ● गोल्ड ईटीएफ में मार्च में मुनाफा वसूली देखी गई*

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

सोने में आई तेजी ने कई फंड में भी तेजी ला दी है। पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निफ्टी ईटीएफ को काफी पीछे छोड़ दिया है। जानकारों के मुताबिक आने वाले दिनों में सोने में और तेजी बनी रह सकती है। वहीं, कुछ जानकारों के मुताबिक इसकी कीमत में कुछ गिरावट की भी उम्मीद है। अगर आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं तो अच्छे रिटर्न के लिए आपको अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है। सोने में तेजी से इससे जुड़े फंड ने अच्छा रिटर्न दिया है। सोने की कीमतें इस समय एक लाख के आसपास चल रही है। मंगलवार को तो 1800 रुपये का उछाल आया और 10 ग्राम सोना 1 लाख रुपये के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले एक साल में एसआईपी रिटर्न के मामले में गोल्ड ईटीएफ ने निवेशकों को चमका दिया है। यानी निवेशकों को भरपूर रिटर्न मिल रहा है। ऐसे में निवेशक अब सोने की तरफ अग्रेसित हो रहे हैं।




### क्या है गोल्ड ईटीएफ

गोल्ड ईटीएफ एक ऐसी एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड है, जिसमें सोने की कीमत को ट्रैक करने के लिए निवेश किया जाता है। यह एक ऐसी संपत्ति है जो सोने की कीमत के साथ बदलती है, जैसे कि अगर सोने की कीमत बढ़ती है, तो गोल्ड ईटीएफ की कीमत भी बढ़ेगी। यह भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करता है, लेकिन उसे शारीरिक रूप से रखने की आवश्यकता नहीं होती है। यह निवेशकों को सोने में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है बिना भौतिक सोना खरीदने की आवश्यकता के।

### सोने में निवेश करने के ये भी ऑप्शन

- **सोने के सिक्के या बार** : सोने के सिक्के या बार खरीदना एक पारंपरिक तरीका है।
- **सोने के जेवर**: सोने के जेवर भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स** : गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **गोल्ड म्यूचुअल फंड्स के फायदे**: गोल्ड म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **सोने के शेयर**: सोने के शेयरों में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है।
- **सोने के शेयरों के फायदे**: सोने के शेयरों में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।
- **ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म**: जैसे कि पेटीएम गोल्ड, गोल्डबाजार, आदि पर सोने में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर सोने में निवेश करने से आप सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव से लाभ उठा सकते हैं।

### यह मिलता रिटर्न

अगर किसी ने एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में हर महीने 10,000 रुपये का एसआईपी किया होता, तो उसे एक साल में 54.35% का रिटर्न मिलता। वहीं, एसबीआई निफ्टी 50 ईटीएफ में इतना ही निवेश करने पर सिर्फ 2.93% रिटर्न मिलता। अन्य 16 गोल्ड ईटीएफ ने पिछले एक साल में 48.32% से 54.85% तक का रिटर्न दिया है। एक्सिस गोल्ड ईटीएफ ने 54.85% और निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड ने 48.32% का रिटर्न दिया है।

### बाकी ईटीएफ का क्या हाल

15 निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% से 3.03% तक का रिटर्न दिया। इनमें क्वांटम निफ्टी 50 ईटीएफ एफओएफ ने 3.03% और इनवेस्को इंडिया निफ्टी 50 ईटीएफ ने 2.87% का रिटर्न दिया। बाजार के जानकारों का मानना है कि सोने में उतार-चढ़ाव अभी जारी रहेगा। जोखिम उठाने वाले निवेशक इस तेजी का फायदा उठा सकते हैं, जबकि सावधानी बरतने वाले निवेशक गिरावट का इंतजार कर सकते हैं।

### आगे मजबूती या गिरावट

एक अन्य फर्म का कहना है कि कि सोने की कीमतें अगले कुछ महीनों में मजबूत बनी रह सकती है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदना, ब्याज दरों में कमी की उम्मीद, डॉलर का कमजोर होना, महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता (टैरिफ से जुड़े जोखिम सहित) और ईटीएफ में निवेश बढ़ने से सोने की कीमतों को सहारा मिल रहा है। फंड हाउस ने आगे कहा, हालांकि थोड़े समय के लिए कीमतों में गिरावट आ सकती है, लेकिन लंबे समय के लिए सोने की कीमतें मजबूत रहने के संकेत है। एएमएफआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में गोल्ड ईटीएफ से 77 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि फरवरी में 1,979 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 14,852 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल के मुकाबले 183% अधिक है। मार्च में गोल्ड ईटीएफ में उलटफेर देखने को मिला, जिसमे फरवरी के 1,979.84 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले 77.21 करोड़ रुपये की निकासी हुई। ये मुनाफा वसूली के लिए हुआ।

### मुख्य विशेषताएं

1. **सोने की कीमत के साथ जुड़ा** : गोल्ड ईटीएफ की कीमत सोने की कीमत के साथ जुड़ी होती है, इसलिए निवेशकों को सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव का लाभ मिल सकता है।
2. **एक्सचेंज पर ट्रेडिंग** : गोल्ड ईटीएफ को स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड किया जा सकता है, जैसे कि शेयर।
3. **लिक्विडिटी** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से निवेशकों को लिक्विडिटी का लाभ मिलता है, क्योंकि वे अपने निवेश को आसानी से बेच सकते हैं।
4. **पारदर्शिता** : गोल्ड ईटीएफ की कीमतें और होल्डिंग्स पारदर्शी होती हैं, जिससे निवेशकों को अपने निवेश के बारे में जानकारी मिलती है।

### ऐसे करता है काम

- **भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व** : गोल्ड ईटीएफ एक यूनिट के रूप में भौतिक सोने का प्रतिनिधित्व करते हैं, आमतौर पर एक ग्राम सोने के बराबर।
- **स्टॉक एक्सचेंज पर कारोबार** : इन फंड्स को शेयर बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है, जैसे कि अन्य स्टॉक।
- **निवेश का सरल तरीका** : यह सोने में निवेश करने का एक आसान और सुलभ तरीका है, क्योंकि भौतिक सोना खरीदने, रखने और सुरक्षित करने की तुलना में यह सरल है।
- **कम अस्थिरता** : गोल्ड ईटीएफ, इक्विटी की तुलना में कम अस्थिर होते हैं।
- **सुरक्षा** : भौतिक सोने के रूप में, यह मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितता के खिलाफ एक बचाव के रूप में काम कर सकता है।
- **निवेश** : गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए, आपको एक डीमैट और ट्रेडिंग खाता खोलना होगा। इसके बाद आप अपनी निवेश की यात्रा शुरू कर सकते हैं और समय आने पर बढ़िया मुनाफा भी कमा सकते हैं। निवेश का लंबा लक्ष्य बनाकर चलें।



# कुछ टिप्स अपनाएं और घटाएं होम लोन की ईएमआई का बोझ

सुझाव

बिजनेस डेस्क

हर किसी का मन होता है कि अपने सपनों का घर खरीदे, लेकिन इस महंगाई के जमाने में शहरी इलाकों में घर लेना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में लोग होम लोन का सहारा लेते हैं और होम लोन की ईएमआई हर महीने भरना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। होम लोन एक प्रकार का ऋण है जो व्यक्तियों को घर खरीदने या बनाने के लिए प्रदान किया जाता है। यह ऋण आमतौर पर बैंक या वित्तीय संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है और इसकी अदायगी कई वर्षों में की जाती है। अगर आप होम लोने के बोझ को कम करना चाहते हैं, तो कुछ आसान टिप्स को अपनाकर राहत पा सकते हैं। हालांकि होम लोन लेने से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने वित्तीय स्थिति और ऋण की शर्तों को ध्यान से समझें और अपने निर्णय के बारे में सुनिश्चित हों।

**कुछ आसान से तरीके आपकी परेशानी को कर सकते हैं कम**

**●**

**लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं**

**●**

**मकान खरीदने के लिए अधिक से अधिक डाउन पेमेंट करें**

**●**

**अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर कम ब्याज दर पर लोन मिलता है**

### डाउन पेमेंट का रखें ध्यान

जब आप घर खरीदते हैं, तो जितना अधिक पैसा शुरू में डाउन पेमेंट के लिए देंगे, उतना ही कम लोन की ईएमआई देना पड़ेगा। कम लोन ईएमआई का मतलब आपको कम ब्याज भी देना होगा। इसलिए, कोशिश करें कि शुरुआत में ही ज्यादा से ज्यादा रकम जमा करें।

### लोन की अवधि बढ़ाएं

अगर आपकी मंथली सैलरी कम है, तो आप लोन की अवधि बढ़ाकर ईएमआई कम कर सकते हैं। हालांकि, इससे कुल ब्याज बढ़ सकता है, लेकिन मासिक किस्तें कम हो जाएंगी, जिससे आपकी जेब पर कम दबाव पड़ेगा।

### समय-समय पर प्री-पेमेंट करें

अगर आपको बोनस, टैक्स रिफंड या कोई और अतिरिक्त आय मिलती है, तो उसका यूज करके लोन का कुछ हिस्सा पहले चुकाने में करें। इससे आपका मूलधन कम होगा और ब्याज में भी बचत होगी।

### बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाएं

अच्छा क्रेडिट स्कोर होने पर बैंक आपको कम ब्याज दर पर लोन देते हैं। इसके लिए समय पर बिल और लोन की किश्तें चुकाएं और साथ ही, क्रेडिट कार्ड का सही इस्तेमाल करें और कर्ज के जाल से खुल को बचाएं।

### बैंक बदलने का भी है ऑप्शन

अगर किसी और बैंक में कम ब्याज दर पर लोन मिल रहा है, तो आप अपने लोन को वहां ट्रांसफर कर सकते हैं। हालांकि, इससे पहले सभी शर्तों और चार्जेस की जानकारी जरूर लें।

### फ्लोटिंग रेट लोन चुनें

फ्लोटिंग रेट लोन में ब्याज दर बाजार के अनुसार बदलती रहती है। अगर बाजार में ब्याज दरें कम होती हैं, तो आपकी ईएमआई भी कम हो सकती है। हालांकि, इसमें जोखिम भी होता है, क्योंकि दरें बढ़ भी सकती हैं।

### ईएमआई अमाउंट बढ़ाएं

अगर आपकी आय बढ़ी है, तो आप अपनी ईएमआई बढ़ाकर लोन जल्दी चुका सकते हैं। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और आप जल्दी कर्ज मुक्त हो जाएंगे।

### म्यूचुअल फंड में निवेश करें

अगर आप नियमित रूप से म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, तो कुछ सालों में एक अच्छी राशि जमा हो सकती है। इस राशि का उपयोग लोन का प्री-पेमेंट करने में किया जा सकता है, जिससे लोन की अवधि और ब्याज दोनों कम होंगे।

### लोन की अवधि कम करें

अगर आप थोड़ी अधिक ईएमआई दे सकते हैं, तो लोन की अवधि कम रखें। इससे कुल ब्याज में बचत होगी और जल्दी ही कर्ज खत्म हो जाएगा।

### होम लोन की विशेषताएं

- लंबी अवधि : होम लोन की अवधि आमतौर पर 10 से 30 वर्षों तक होती है, जिससे आप अपने ऋण को धीरे-धीरे चुका सकते हैं।
- ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।
- सुरक्षा : होम लोन के लिए घर ही सुरक्षा के रूप में कार्य करता है, जिसका अर्थ है कि यदि आप ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

### होम लोन के कुछ फायदे

- घर खरीदने में मदद : होम लोन आपको घर खरीदने में मदद कर सकता है जो आपके लिए एक महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है।
- लंबी अवधि : होम लोन की लंबी अवधि आपको अपने ऋण को धीरे-धीरे चुकाने में मदद कर सकती है।
- कम ब्याज दर : होम लोन पर ब्याज दर आमतौर पर अन्य प्रकार के ऋणों की तुलना में कम होती है।

### होम लोन के कुछ नुकसान

- ब्याज का भुगतान : होम लोन पर आपको ब्याज का भुगतान करना होता है, जो आपके ऋण की कुल राशि को बढ़ा सकता है।
- जुर्माना : यदि आप अपने ऋण का भुगतान समय पर नहीं करते हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ सकता है।
- घर की जब्ती : यदि आप अपने ऋण का भुगतान नहीं कर पाते हैं तो बैंक घर को जब्त कर सकता है।

# स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

*स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है, ब्याज निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है*

जानकारी

बिजनेस डेस्क

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है। एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

### तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

### अवधि और कम से कम निवेश

स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

### कितनी है ब्याज दर

स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है। यह निवेश की अवधि पर भी निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग अलग ब्याज दरें तय होती हैं।

### बैंकों में अलग अलग ब्याज दर

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.75%-7.00% |
| एसबीआईः | 4.75%-6.50% |
| एचडीएफसी | 4.50%-7.00% |
| आईसीआईसीआई | 4.50%-6.90% |
| केनरा बैंक | 5.50%-6.70% |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5.50%-6.50% |
| पीएनबी | 4.50%-6.50% |
| आईडीबीआई | 4.50%-4.80% |
| इंडियन बैंक | 3-50%-6.10% |
| यस बैंक | 4.75%-7.00% |
| डाकघर | 6.90%-7.50% |
| आरबीएल | 4.75%-7.00% |
| आईडीएफसी | 4.50%-7.00% |




### पैसे निकालने का क्या है नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले आपके स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि अगर आपके बैंक बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड का उपयोग करके स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आपको आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी भी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। स्वीप-इन सुविधा के माध्यम से एफडी में निवेश की गई अतिरिक्त राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है। साथ ही, बैंक एफडी से स्वेप्ट-इन पैसा निकालने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

# दंपति के लिए खास स्कीम, हर साल एक लाख से ज्यादा होगी इनकम

## पोस्ट ऑफिस एमआईएस में वन टाइम करना होगा डिपॉजिट ● सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट के जरिए 15 लाख तक जमा कर सकते है जमा

***पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में अकाउंट खोलने के लिए कम से कम 1000 रुपये निवेश जरूरी, जिसके बाद 1000 रुपये के मल्टीपल में जमा हो सकता है। इसमें सिंगल अकाउंट में अधिकतम 9 लाख रुपये और ज्वॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में हर होल्डर का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इसमें बेनीफिट भी अच्छा मिलता है। यह स्कीम आपके भविष्य के लिए बेहतर हो सकती है।***

रिटर्न

बिजनेस डेस्क

अगर आप शादीशुदा हैं और रेगुलर इनकम के लिए किसी अच्छी स्कीम की तलाश में हैं तो ध्यान दें। आप सरकारी स्कीम की तरह एक ज्वॉइंट अकाउंट खुलवाकर कर साल 1 लाख 10 हजार रुपये (1.10 लाख रुपये) की इनकम कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) के बारे में। आकर्षक ब्याज दरों के साथ, पोस्ट ऑफिस का यह मंथली इनकम अकाउंट निवेश के लिए एक सुरक्षित विकल्प है। इस स्कीम में वन टाइम डिपॉजिट करने पर रेगुलर इनकम का लाभ मिलता रहता है।

### ब्याज दर 7.4% सालाना

पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम अकांट पर मौजूदा ब्याज दर 7.4 फीसदी सालाना है। इसमें अब सिंगल अकाउंट के जरिए 9 लाख और ज्वॉइंट अकाउंट के जरिए अधिकतम 15 लाख रुपये जमा किए जा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट सरकार द्वारा समर्थित स्मॉल सेविंग्स स्कीम है, जहां गारंटीड रिटर्न मिलता है। पोस्ट ऑफिस की योजना है तो इसमें 100 फीसदी सुरक्षा की गारंटी है। इसमें सिंगल अकाउंट के साथ ही स्पाउस के साथ मिलकर ज्वॉइंट अकाउंट खोलने की भी सुविधा है।

### हर माह कितनी आएगी रकम

**ज्वाइंट अकाउंट में**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- ज्वॉइंट अकाउंट से अधिकतम निवेशः 15 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 1,11,000 रुपये
- मंथली ब्याजः 9250 रुपये

**अगर सिंगल अकाउंट हो तो**

- ब्याज दरः 7.4 फीसदी सालाना
- सिंगल अकाउंट से अधिकतम निवेशः 9 लाख रुपये
- सालाना ब्याजः 66,600 रुपये
- मंथली ब्याजः 5550 रुपये




### मैच्योरिटी के बाद एक्सटेंड कर सकेगे

इस स्माल सेविंग्स स्कीम पर 7.4 फीसदी सालाना ब्याज मिल रहा है। इसमें जमा पैसों पर जो भी सालाना ब्याज होता है, उसे 12 हिस्से में बांट दिया जाता है, और वह हर महीने आपके अकाउंट में आएगा। अगर आप मंथली पैसा न निकालें तो वह आपके पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट में रहेगी और मूलधन के साथ इस धन को भी जोड़कर आपको आगे ब्याज मिलेगा। इस स्कीम की मैच्योरिटी 5 साल है, लेकिन 5 साल बाद नए ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं।

### क्या है स्कीम के लिए योग्यता

- बालिग के नाम से सिंगल अकाउंट
- ज्वॉइंट अकाउंट (अधिकतम 3 एडल्ट मिलकर) (ज्वॉइंट A या ज्वॉइंट B)
- माइनर के नाम पर उसका गार्जियन अकाउंट खोल सकता है
- 10 साल का माइनर है तो उसके नाम से

### क्या है पीओएमआइएस

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम यानी पीओएमआइएस में आपको एकमुश्त निवेश करना होता है। उसी पर आपको ब्याज दर का फायदा मिलता है। इस स्कीम में निवेश करने के बाद आपको 5 सालों तक ब्याज का लाभ मिलता रहता है। मंथली इनकम स्कीम डाकघर की एक छोटी बचत योजना है। इस स्कीम में सिंगल और ज्वाइंट दोनों तरह से अपना खाता खुलवा सकते हैं। इस स्कीम में निवेश करने पर आपको वर्तमान में 7.4 प्रतिशत की ब्याज दर मिल रही है।

## शौर्य हमारी विरासत, व्यापार हमारा भविष्य - राजपूत बिजनेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई दी नए युग की झलक

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार 20 अप्रैल को हुए इस आयोजन ने समाज में व्यापारिक चेतना और आत्मनिर्भरता को लेकर एक नई दिशा दी ।राजपूत बिजनेस फोरम द्वारा आयोजित राजपूत बिजनेस कॉन्फ्रेंस पं. खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई ।यह पहला ऐसा अवसर था जब राजपूत समाज के प्रतिष्ठित उद्यमी, शिक्षाविद और प्रोफेशनल्स एक मंच पर एकत्रित हुए और युवा पीढ़ी को व्यापार की ओर प्रेरित किया ।इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस के संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल एक आयोजन करना नहीं था, बल्कि समाज में व्यवसायिक जागरूकता पैदा कर, युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है । उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि हम अपने ऐतिहासिक शौर्य के साथ–साथ व्यापारिक भविष्य को भी मजबूती से आकार दें ।मुख्य अतिथि ठाकुर अनूप सिंह ने कहा, अब तलवारों का नहीं, अपने व्यापार को तराशने का समय है ।उन्होंने युवाओं को प्रोफेशनलिज़्म, टेक्नोलॉजी और टीमवर्क को अपनाने की सलाह दी ।

## विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण- प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल ।** कल सहेजी गई विरासत आज हमारी पूंजी के रूप में मौजूद है ।यदि इसका संरक्षण नहीं किया गया, तो यह धरोहरें भविष्य में केवल हमारी स्मृतियों में जीवित ना रह जाए, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए मूल रूप से संजो के राखी जाए, इसका प्रयास हम करते रहेंगे ।इसी उद्देश्य के साथ संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण का आयोजन कराया जा रहा है ।यह कार्यक्रम 23 एवं 24 अप्रैल को राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित किया गया है , जो प्रात : 10 :30 बजे से सायं 5 :30 बजे तक चलेगा । इसमें मुख्यालय के अधिकारीयों सहित उपसंचालक कार्यालयों के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों एवं म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम एवं इंटेक से भी प्रतिभागियों सहित विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया ।प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग श्री शिव शेखर शुक्ला ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यदि हम अपनी विरासत का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ इसे भुला सकती हैं ।

## नेटफ्लिक्स की 'द रॉयल्स' का ट्रेलर जारी

**मुंबई, एजेंसी ।** एक ढहते हुए राजघराने और एक तेज़, आत्मनिर्भर सीईओ के बीच शुरू हुआ एक बिजनेस डील जो जल्द ही एक रोमांस, कॉमेडी और बहुत सारे ड्रामा के रोलरकोस्टर में बदल जाता है! नेटफ्लिक्स की 'द रॉयल्स' का ट्रेलर आ चुका है — जिसमें पहली झलक मिलती है भव्य लेकिन ढलते शहर मोरपुर की..जहाँ एक प्यारा सा राजकुमार और एक ज़िद्दी सीईओ मजबूरन साथ आते हैं.. और शायद एक–दूसरे से प्यार भी कर बैठते हैं ।इस सीरीज़ में ईशान खट्टर निभा रहे हैं अविराज सिंह का किरदार — एक ना चाहते हुए भी बनाया गया हुआ, पोलो खेलने वाला नए ज़माने का राजकुमार, और भूमि पेडनेकर बनी हैं आम कुमारी सोफिया कनमनी शेखर — एक तेज़तर्रार सीईओ जिसके सपने किसी महल से भी बड़े हैं । जब ये दोनों मिलकर मोरपुर की मुश्किल में फंसी हवेली और उसके अजीबो–गरीब निवासियों को एक लग्ज़री बी × बी होटल में बदलने की कोशिश करते हैं, तो उनके इगो और एम्बिशन्स की टक्कर होती हैं और बनती हैं एक तूफानी कहानी — जिसमें है फ्लर्ट, फैमिली ड्रामे और हाई स्टेक्स क्रेज़ीपन ।हालाँकि ट्रेलर लॉन्च पर मौजूद नहीं रह पाईं, लेकिन ज़ीनत अमान ने अपने दशकों लंबे शानदार करियर पर बात करते हुए कहा, मैं आज भी नए रोल्स और अवसरों को अपनाने को लेकर उतनी ही पैशनेट हूँ जितनी पहले थी । द रॉयल्स का अनुभव रिफ्रेशिंग और क्रिएटिविटी से भरपूर था ।

### ऑप्टिमस ने रक्षा क्षेत्र के लिए अगली पीढ़ी की टेक्नोलॉजी पेश की

# उत्पाद पोर्टफोलियो में 4 नए ड्रोन लांच किए

### ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स ने मिलिपोल इंडिया एक्जिबिशन 2025 में अधिक ऊंचाई पर और लंबे समय तक सहनशक्ति के साथ परिचालन के लिए जीएनएनएस-डिनायड एवं ईडब्लू वातावरण में परिचालन के लिए डिजाइन उन्नत ड्रोन्स पेश किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की रक्षा क्षमता बढ़ाने और मेक इन इंडिया विजन में सहयोग करने के प्रयास के तहत भारत के अग्रणी दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण समूह ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) ने चार उन्नत ड्रोन लांच करने की आज घोषणा की। ऑप्टिकल फाइबर केबल आधारित निगरानी क्षमता के साथ ये ड्रोन- मारक वीटी100, वज्र क्यूसी55, कैनिस्टर लांच्ड लॉइटरिंग म्यूनिशन और फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) रक्षा, निगरानी और टोह लेने के व्यापक क्षेत्र के लिए समाधान



प्रस्तुत कर मानवरहित एरियल टेक्नोलॉजी में नवीनतम हैं। इन ड्रोन्स को यशोभूमि द्वारका कनवेंशन सेंटर में मिलिपोल इंडिया एक्जिबिशन 2025 में प्रदर्शित किया जा रहा है। अधिक ऊंचाई पर सक्षम यह वीटीओएल (वर्टिकल टेक-ऑफ व लैंडिंग) ड्रोन एक एडवांस 30एक्स ईओआईआर (इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल एंड इंफ्रारेड इमेजिंग) कैमरा से युक्त है जिससे हाई रिजोल्यूशन के साथ दिन और रात दोनों में ही निगरानी संभव है। इसकी वीटीओएल क्षमता बिना दौड़े भागे सीमित क्षेत्र में परिचालन सुगम बनाती है। यह ड्रोन तीन घंटे की सहनशक्ति के साथ 20 किलोमीटर की रेंज की पेशकश करता है। उपकरण के साथ इसकी रेंज 50 किलोमीटर तक बढ़ाई जा सकती है।

उन्नत हवाई निगरानी के लिए डिजाइन यह मल्टीरोटर ड्रोन,दिन और रात के दौरान हाई रिजोल्यूशन दृश्यों को कैद करने के लिए ईओआईआर कैमरा से युक्त है।

## सेंट्रम ने ब्रांड एंबेसडर अनुष्का शर्मा के साथ सेंट्रम रिचार्ज एनर्जी ड्रिंक मिक्स लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** मल्टीविटामिन सपोर्ट के लिए विश्वसनीय ब्रांड, सेंट्रम ने आज एनर्जी ड्रिंक मिक्स श्रेणी में सेंट्रम रिचार्ज लॉन्च करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया। यह एक इनोवेटिव प्रोडक्ट है, जो लोगों को अपनी दैनिक गतिविधियों के लिए आवश्यक विटामिन और मिनरल्स प्रदान करता है, ताकि उनके शरीर में एनर्जी, इम्युनिटी और हाइड्रेशन बने रहें।

लोग समझते हैं कि शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की कमी होती है, पर उसके साथ-साथ हमारे शरीर में रोजमर्रा की गतिविधियों का कारण विटामिन और मिनरल्स भी कम हो जाते हैं, जिससे हमें थकान महसूस होती है। इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करने के लिए कई उत्पाद उपलब्ध हैं, पर विटामिन और मिनरल्स की कमी को दूर करना भी उतना ही जरूरी होता है। यह कमी विटामिन बी, विटामिन सी, मैग्नीशियम और जिंक जैसे विटामिन और मिनरल्स से दूर होती है। इसलिए सेंट्रम रिचार्ज में 13 आवश्यक विटामिन और मिनरल्स हैं, जैसे विटामिन बी, विटामिन सी, मैग्नीशियम और जिंक, जो शरीर में एनर्जी, इम्युनिटी और हाइड्रेशन बनाकर रखते हैं। सेंट्रम रिचार्ज में बाजार में मौजूदा मुख्य मल्टीविटामिन एनर्जी ड्रिंक बेवरेज एडिटिव्स एवं मिक्स की तुलना में 2 गुना अधिक विटामिन और मिनरल्स हैं तथा इसमें कोई भी एडेड शुगर नहीं है। इसलिए यह ग्राहकों के लिए पूरी तरह से पौष्टिक है।

## एनएसडीसी ने गिग इकोनोमी में अवसरों को बढ़ावा देने के लिए रैपिडो के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली एजेंसी।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और देश के अग्रणी बाईक टैक्सी एग्रीगेटर्स में से एक रैपिडो ने गिग वर्कर्स के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य गिग इकोनोमी में प्रशिक्षित कार्यबल को शामिल कर कौशल एवं रोज़गार क्षमता के बीच का अंतर दूर करना तथा इन्हें पार्ट-टाईम और फुल-टाईम नौकरियों के अवसर प्रदान करना है। इस साझेदारी के तहत कौशल और प्रशिक्षण में एनएसडीसी की विशेषज्ञता एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा रैपिडो बाईक टैक्सी का फ्लीट एवं नेटवर्क एक साथ मिलकर उम्मीदवारों को रोज़गार के अवसर प्रदान करेंगे। ये उम्मीदवार वाहनों, कौशल विकास



प्रोग्रामों का एक्सेस पाकर कमाई के स्थिर साधनों से लाभान्वित हो सकेंगे। गिग इकोनोमी को सशक्त बनाने के लिए, जहां एक और एनएसडीसी उम्मीदवारों को पहचान कर उनके मोबिलाइज़ेशन में योगदान देगा, वहीं रैपिडो ड्राइवर पार्टनर्स (कैप्टन्स) के लिए दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों को सुलभ बनाकर सपोर्ट सिस्टम स्थापित करेगा। इस साझेदारी पर विचार व्यक्त करते हुए वेद मणि तिवारी, सीईओ-एनएसडीसी तथा मैनेजिंग डायरेक्टर-एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, ''एनएसडीसी में हम भारत के कार्यबल को उद्योग जगत के अनुकूल कौशल के साथ सशक्त बनाकर उन्हें कमाई के अवसर उपलब्ध कराना चाहते हैं। यह साझेदारी उम्मीदवारों को तकनीकी, व्यवहारिक एवं सुरक्षा कौशल के साथ सशक्त बनाकर गिग इकोनोमी के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगी। हमारा उद्देश्य समावेशी विकास एवं रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देकर यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति को ज़रूरी कौशल मिले और वह भारत के विकसित होते मोबिलिटी सेक्टर एवं अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान दे सके।'

## पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने 1260 करोड़ रुपये तक के आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई, एजेंसी ।** पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड (कंपनी), जो 'पार्क' ब्रांड के तहत 13 एनएबीएच मान्यता प्राप्त मल्टी–सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का नेटवर्क संचालित करती है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है ।कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 2) की पेशकश के माध्यम से 12600 मिलियन (1260 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है ।इस प्रस्ताव में कुल 9600 मिलियन (960 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम (''ताजा निर्गम'') और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल 3000 मिलियन (300 करोड़) तक का बिक्री प्रस्ताव (''बिक्री प्रस्ताव'') शामिल है ।पार्क मेडी वर्ल्ड उत्तर भारत में दूसरी सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसकी कुल बिस्तर क्षमता 3,000 बिस्तरों की है, और बिस्तर क्षमता के मामले में हरियाणा में सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसमें 30 सितंबर, 2024 तक 1,600 बिस्तर हैं । रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है ।

## दादी को हुआ यूट्यूब से प्यार, 74 की उम्र में हर महीने 6 लाख की कमाई



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 74 साल की सुमन धामने ने साबित कर दिया कि कुछ नया शुरू करने की कोई उम्र नहीं होती। अपने पोते की मदद से उन्होंने यूट्यूब पर आपली आजी नाम से एक चैनल शुरू किया। आज उनके 17.9 लाख सब्सक्राइबर्स हैं। वह हर महीने 5 से 6 लाख रुपये कमाती हैं। सुमन अपने चैनल पर पारंपरिक महाराष्ट्रीयन रेसिपी बनाती हैं। यह कहानी दिखाती है कि परिवार का साथ हो तो कुछ भी मुमकिन है। आइए, यहां सुमन धामने की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**2020 में बनाया यूट्यूब चैनल** – सुमन धामने महाराष्ट्र के अहमदनगर के पास सरोला कासार गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने मार्च 2020 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया। यह आइडिया उनके 17 साल के पोते का था। पोते ने उनसे पाव भाजी बनाने के लिए कहा था। सुमन का यूट्यूब स्टार बनने का सफर आसान नहीं था। उन्हें कैमरे के सामने आने में डर लगता था। तकनीकी दिक्कतें भी आईं। एक बार उनका चैनल हैक भी हो गया था। लेकिन, वह हार नहीं मानीं।

### कुकिंग का हुनर दुनिया को दिखाया

आज सुमन धामने हर हफ्ते कई वीडियो बनाती हैं । उन्होंने इंटरनेट और सोशल मीडिया के बारे में भी बहुत कुछ सीख लिया है ।सुमन धामने की डिजिटल दुनिया में एंट्री परिवार के सपोर्ट का नतीजा है ।उन्हें इंटरनेट का कोई अनुभव नहीं था । उनके पोते यश ने उन्हें यूट्यूब चैनल शुरू करने में मदद की ।यश ने उन्हें तकनीकी चीजें सिखाईं ।

## सिग्निफाई ने ईकोलिंक फैन्स की नई श्रृंखला पेश की, जो शानदार और प्रीमियम डिज़ाइन के साथ एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करेंगे

● बीएलडीसी टेक्नोलॉजी के साथ 4 नए मॉडल - एयरोएलिवेट, एयरोक्राड, एयरोज्योमेट्री और एयरोज्वेल पेश किए। ● सिग्निफाई के आईओटी प्लेटफॉर्म विज़ द्वारा पॉवर्ड 2 नए स्मार्ट मॉडल - एयरोज्योमेट्री स्मार्ट, एयरोज्वेल स्मार्ट भी पेश किए। ● उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निर्मित यह श्रृंखला अत्याधुनिक डिज़ाइन, प्रीमियम एस्थेटिक्स, बेहतर परफॉरमेंस, कम पॉवर कंज़ंप्शन, और ज्यादा बचत प्रदान करती है।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाईटिंग में वर्ल्ड लीडर, सिग्निफाई ने गर्मियों में ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए आज अपने अत्याधुनिक एनर्जी-एफिशियंट इकोलिंक फैन्स की इनोवेटिव रेंज पेश की। ये फैन ज्यादा तेज परफॉर्मेंस, बेहतर एयर डिलीवरी, और एनर्जी एफिशिएंट टेक्नोलॉजी प्रदान करते हैं। ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप निर्मित इस श्रृंखला में 4 नए मॉडल - एयरोएलिवेट, एयरोक्राड, एयरोज्योमेट्री और एयरोज्वेल तथा 2 नए स्मार्ट मॉडल - एयरोज्योमेट्री स्मार्ट और एयरोज्वेल स्मार्ट हैं, जो सिग्निफाई के आईओटी प्लेटफॉर्म विज़ द्वारा पॉवर्ड हैं। ये




इनोवेटिव फैन आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर परफॉरमेंस प्रदान करते हैं, ताकि ग्राहकों को किसी भी स्पेस में ताजा हवा मिले। 5850 रुपये से लेकर 8700 रुपये के बीच उपलब्ध ये 4 इनोवेटिव मॉडल - एयरोएलिवेट, एयरोक्राड, एयरोज्योमेट्री और एयरोज्वेल बेहतर एयर डिलीवरी, और एफिशिएंट परफॉरमेंस और बिजली की बचत करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। सुमित जोशी, एमडी एवं सीईओ, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''सिग्निफाई में हम दैनिक जीवन में सुधार लाने के लिए बेहतर डिज़ाइन और इनोवेशन पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप डिज़ाइन किए गए इकोलिंक फैन्स की नई शक्तिशाली रेंज पेश करके उत्साहित हैं। हमने विस्तृत अनुसंधान की मदद से ऐसी श्रृंखला तैयार की है, जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ एनर्जी एफिशिएंसी भी प्रदान करती है।

## पैरामेट्रिक्स टेक्नॉलॉजीज का शेयर बायबैक, विकास की नई उड़ान!

**मुंबई, एजेंसी।** पैरामेट्रिक्स टेक्नॉलॉजीज लिमिटेड जो उन्नत एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर समाधान और व्यापक आईटी सेवाओं की प्रमुख प्रदाता है, ने अपनी इक्विटी शेयरों की रणनीतिक बायबैक योजना की घोषणा की है। यह कदम कंपनी के मज़बूत मूलभूत ढांचे और उज्ज्वल विकास पथ पर बोर्ड के विश्वास को दर्शाता है। यह बायबैक पहल पूंजी संरचना को संतुलित करने और शेयरधारकों को अधिकतम मूल्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

कंपनी 4,60,800 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीदी करेगी, जो 31 मार्च 2024 और 31 मार्च 2025 को पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयरों का क्रमशः 5.27 प्रतिशत और 4 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पुनर्खरीदी टेंडर ऑफर मार्ग के माध्यम से 130/- प्रति शेयर के मूल्य पर की जाएगी, जिसका कुल खर्च 5.99 करोड़ (लेन-देन और सहायक लागतों को छोड़कर) होगा।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्तीय वर्ष 25/चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में, 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। एयू एसएफबी ने वित्तीय वर्ष 25 में एक चुनौतीपूर्ण मैक्रोइकोनॉमिक वातावरण की पृष्ठभूमि में मजबूत प्रदर्शन की घोषणा की - अपेक्षा से कम जीडीपी वृद्धि, चुनौतीपूर्ण ऋण वातावरण, कड़ी तरलता, लगातार मुद्रास्फीति और उच्च ब्याज दरें। बैंक ने 1.5 प्रतिशत के आरओए के साथ एक संतुलित प्रदर्शन दिया है, जबकि सख्त अंडरराइटिंग, धन की लागत का प्रबंधन और परिचालन व्यय को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री संजय अग्रवाल ने कहा, हम एक कठिन आर्थिक माहौल से निकल रहे हैं, जिसमें लगातार मुद्रास्फीति, कड़ी तरलता चुनौतीपूर्ण ऋण वातावरण और अपेक्षा से कम जीडीपी वृद्धि है। वित्त वर्ष 26 में आगे बढ़ते हुए, आर्थिक दृष्टिकोण अनिश्चित बना हुआ है, जो टैरिफ युद्ध और भू-राजनीतिक विकास जैसे वैश्विक कारकों से अधिक प्रेरित है।

## इंडिया के क्विक कॉमर्स बूम को सपोर्ट करेगा गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर की मांग को पूरा करने के साथ ही इस सेक्टर को सपोर्ट करने के लिए अपनी क्षमताओं को और भी मजबूत कर रहा है। साथ ही यह ई-कॉमर्स, रिटेल और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। जैसे-जैसे भारत का वेयरहाउसिंग क्षेत्र बदल रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप व्यवसायों को स्मार्ट, तकनीक-संचालित समाधानों के



साथ सशक्त कर रहा है, जो तेज, लचीले और भविष्य के लिए तैयार हैं।

विकास चौधा, बिजनेस हेड, स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप, ने कहा, अगले 2-3 वर्षों में नए जमाने के स्टार्टअप्स और मौजूदा ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा 10 मिलियन वर्ग फीट से अधिक के मदर हब्स जोड़ने की संभावना है और यह अगले वर्ष तक 3,000 से अधिक डार्क स्टोर्स क्विक कॉमर्स की वृद्धि को गति देंगे। ऐसे में लचीले और हाई एफिशिएंसी स्टोरेज सॉल्यूशंस की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे-जैसे तेज़ डिलीवरी समय- सीमा की ओर अग्रसर हो रहा है, स्टोरेज और वितरण के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बदलना जरूरी हो जाता है। गोदरेज में, हम न केवल बड़े-फॉर्मेट के वेयरहाउस के ज़रिए ई-कॉमर्स उद्योग को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि टियर 1 और टियर 2 शहरों में डार्क स्टोर्स के लिए तेज़ समाधान भी प्रदान कर रहे हैं, जिससे डिलीवरी तेज़ हो और क्विक कॉमर्स बाज़ार की मांग पूरी की जा सके। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस बदलाव को समर्थन देना नहीं, बल्कि भारत के स्टोरेज, मूवमेंट और डिलीवरी के भविष्य को आकार देना है।

## टॉमी हिलफिगर पहुंचे मुंबई

**मुंबई, एजेंसी।** पीवीएच कॉर्प. के हिस्से टॉमी हिलफिगर यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस करता है कि इसके फाउंडर श्री टॉमी हिलफिगर ने 15 अप्रैल 2025 को भारत के फैशन हब मुंबई का दौरा किया। यह दिन फैशन, सांस्कृतिक संवाद और नए जुड़ाव से भरपूर रहा, जिसने भारत में इस प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत किया। दिन की शुरुआत जियो वर्ल्ड ड्राइव, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित टॉमी हिलफिगर स्टोर के दौरे से हुई।

यहाँ श्री हिलफिगर ने एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया, जिसे भारतीय क्रिएटिव पर्सनैलिटी सारा-जेन डायस और अभिनेत्री, मॉडल और समाजसेवी मानुषी छिल्लर ने होस्ट किया। इस चर्चा में स्टाइल, फैशन और वैश्विक प्रभाव जैसे विषयों पर गहराई से बात हुई, जो अमेरिकी और भारतीय फैशन संस्कृतियों के बीच एक शानदार संगम साबित हुआ।

## अप्लास्टिक एनीमिया के मरीजों को मिल रही प्रधानमंत्री राहत कोष की सौगात

**इंदौर, एजेंसी।** अप्लास्टिक एनीमिया कोई आम बीमारी नहीं है - यह कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक, घातक और खर्चीली बोन मैरो की समस्या है, जिसमें मरीज़ को बार-बार रक्त और प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़ते हैं। यह कहना है शहर के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए. के. द्विवेदी का, जो पिछले 27 सालों से इस बीमारी को लेकर न सिर्फ मरीजों का इलाज कर रहे हैं, बल्कि सरकार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की लगातार कोशिश में लगे हुए हैं।

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि जब लोग एनीमिया सुनते हैं, तो अक्सर यही मान लेते हैं कि यह सिर्फ आयरन अथवा विटामिन की कमी से जुड़ी समस्या है। लेकिन अप्लास्टिक एनीमिया बिल्कुल अलग और अत्यधिक गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर का बोन मैरो खून बनाना बंद कर देता है, साथ ही वह रक्त कणिकाओं को नष्ट भी करने लगता है - जिसके कारण यह स्थिति इतनी गंभीर होती है कि समय पर इलाज न हो तो मरीज़ की जान तक जा सकती है। इसकी दवाइयाँ महंगी होती हैं, इलाज लंबा चलता है और कई बार तो बोन मैरो ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ती है। डॉ. द्विवेदी ने जब मरीज़ों की यह पीड़ा सुनी, तो उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री जी को भी पत्र लिखे - ताकि सरकार इस बीमारी को गंभीरता से ले और मरीज़ों की मदद के लिए आगे आए। उनकी इस पहल का असर दिखा। उन्होंने एक पत्र पढ़ा, जो प्रधानमंत्री ने एक अप्लास्टिक एनीमिया के मरीज़ को भेजा है, और जिसमें उन्हें प्रधानमंत्री राहत कोष योजना के तहत 3,00,000 की सहायता राशि प्राप्त हुई है।

### बीमारी की जड़ और अनजानी बातें

यह जानकर हैरानी होती है कि ज़्यादातर अप्लास्टिक एनीमिया के मामलों में यह पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह बीमारी क्यों हुई ।कुछ लोगों में यह डेंगू या अन्य वायरस जैसे हेपेटाइटिस या एपस्टीन–बार वायरस, कुछ दवाइयों या ज़हरीले केमिकल्स के कारण हो सकता है ।लेकिन ज़्यादातर मरीज़ों में यह बीमारी अचानक और बिना किसी चेतावनी के सामने आती है ।बहुत कम लोग जानते हैं कि यह बीमारी कैंसर से भी अधिक गंभीर होती है, पर इसका नाम ज्यादातर लोगों को पता नहीं होता ।इसके इलाज में भी लगभग वही दवाइयाँ दी जाती हैं जो कैंसर के मरीजों को मिलती हैं, जैसे एटीजी और सायक्लोस्पोरीन ।कई लोग इसे सामान्य खून की कमी समझकर आयरन की गोलियां या घरेलू तरीके अपनाते हैं, लेकिन ये इस बीमारी में बिल्कुल काम नहीं करते और कभी–कभी नुकसान भी कर सकते हैं ।



## प्रियंका चोपड़ा और शाहरुख खान ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, कहा– शब्दों में बयां करना मुश्किल

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम आतंकी हमले का पूरा देश इस हमले की निंदा कर रहा है। सोशल मीडिया पर आम लोग हों या फिर बॉलीवुड हस्तियां सब इस कायराना हरकत की मजम्मत कर रहा है। तमाम सेलेब्स के बीच ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा और किंग खान का भी हमले पर रिएक्शन सामने आया है। प्रियंका और शाहरुख ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर हमले की निंदा की है और इसमें जान गंवाने वाले परिवारों के प्रति संवेदनाएं जताई हैं। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा- पहलगाम में जो हुआ, वह निंदनीय है। लोग वहां छुट्टियां मनाने, हनीमून मनाने, अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करने आए थे। वे बस कश्मीर की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे थे। कई मासूम लोगों की जान उस तूफान में फंस गई, जिसकी उन्होंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। अपनों के सामने ही उन्हें निशाना बनाया गया। यह ऐसी घटना नहीं है जिसे हम भूलकर आगे बढ़ सकें। यह हमें लंबे समय तक परेशान करेगी। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस हमले से प्रभावित हुए हैं।

शाहरुख खान ने लिखा- पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। ऐसे समय में, हम केवल भगवान से पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें। प्रियंका के अलावा, आलिया भट्ट ने भी पहलगाम हमले पर अपना दुख व्यक्त किया है। आलिया ने अपने इंस्टा पोस्ट में लिखा- पहलगाम से आई खबर दिल दहला देने वाली है। निर्दोष लोगों की जान चली गई। टूरिस्ट, परिवार और वहां गए लोग बस उस खूबसूरती को जी रहे थे, सुकून की तलाश में थे, जिंदगी जी रहे थे, लेकिन अब उनकी जिंदगी में सिर्फ दुख है। हर बार जब ऐसा कुछ होता है, तो यह हमारी इंसानियत को जैसे खत्म कर देता है। इस हमले में मारे गए लोगों की आत्मा को भगवान शांति दे। वहीं अनुष्का शर्मा ने भी इंस्टा पोस्ट किया और लिखा, कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए भयावह आतंकी हमले के बारे में सुनकर दिल टूट गया। उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं। यह बेहद दर्दनाक हमला है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।



एक के लिए मिला अवॉर्ड

## ग्राउंड जीरो की साई ताम्हणकर ने इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार

**अभिनेत्री** साई ताम्हणकर जल्द ही फिल्म ग्राउंड जीरो में नजर आने वाली हैं, ऐसे में यहां हम आपको उनकी पिछली पांच फिल्मों के बारे में बता रहे हैं।

अभिनेत्री साई ताम्हणकर की फिल्म ग्राउंड जीरो 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मराठी फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री साई ताम्हणकर ने बॉलीवुड में कई बेहतरीन फिल्मों से खूब नाम कमाया है। इस खबर में हम साई ताम्हणकर की पिछली पांच फिल्मों के बारे जानेंगे।

### अग्नि

अग्नि फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। राहुल ढोलकिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्रतीक गांधी और साई ताम्हणकर थीं। फिल्म की कहानी आपसी मतभेदों पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि रहस्यमयी आग की लपटों से घिरे शहर में विट्ठल, एक साहसी फायरमैन और उसका साला समित एक तेजतर्रार पुलिसकर्मी, बढ़ते संकट को सुलझाने के लिए अनिच्छा से सेना में शामिल हो जाते हैं। फिल्म का बजट 20 करोड़ था और फिल्म अच्छी कमाई की थी।

### भक्षक

भक्षक फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म में भूमि पेडनेकर और संजय मिश्रा के अलावा साई ताम्हणकर थीं। फिल्म के निर्माता गौरी खान और गौरव वर्मा थे। फिल्म में दिखाया गया है कि एक स्थानीय पत्रकार युवा लड़कियों के आश्रय गृह में दुर्व्यवहार के मामलों का खुलासा करती है। फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये था। फिल्म ने टोटल 20 करोड़ का कारोबार किया था।

### इंडिया लॉकडाउन

2022 में रिलीज हुई फिल्म इंडिया लॉकडाउन को बहुत अच्छा रिस्पांस नहीं मिला था। फिल्म में दिखाया गया है कि कोरोना महामारी की वजह से सरकार की तरफ से लगाए गए लॉकडाउन के दौरान कई लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई। इसमें एक महिला पायलट, एक सेवानिवृत्त पिता, एक वेश्या और एक प्रवासी श्रमिक की कहानी दिखाई गई है। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म में साई ताम्हणकर का किरदार अच्छा था।

## धनुष की फिल्म को लेकर आया बड़ा अपडेट



**साउथ** सुपरस्टार अभिनेता धनुष इस समय अपनी कई धमाकेदार फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी फिल्मों के अपडेट से दर्शकों में एक अलग रोमांच देखने को मिल रहा है। अब एक फिल्म को लेकर अपडेट आया है कि यह दिग्गज कलाकार उनकी फिल्म में शामिल हो रहा है। हाल ही में तमिल कॉमेडी फिल्म सूमो के प्री रिलीज इवेंट के दौरान फिल्म निर्माता इशारी के गणेश ने धनुष की आगामी फिल्म डी 56 को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। फिल्म निर्माता ने बताया कि धनुष की आगामी फिल्म डी 56 में म्यूजिक मशहूर संगीतकार एआर रहमान देंगे, जो एक शानदार अनुभव होगा। इसके अलावा इशारी गणेश ने धनुष के साथ एक और प्रोजेक्ट की घोषणा की है, जो विग्नेश राजा द्वारा निर्देशित किया जाएगा। सबसे खास बात यह सामने आई कि यह फिल्म डी 56 से पहले दर्शकों के बीच रिलीज की जाएगी। 'डी 56' धनुष के बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक है। यह फिल्म एक ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे डायरेक्टर मारी सेल्वराज बना रहे हैं। इसी महीने अप्रैल में धनुष ने अपनी आगामी फिल्म डी 56 का थीम पोस्टर जारी किया था। इस पोस्ट में कई साल पुरानी एक तलवार दिखाई देती है, जिसके ऊपर कंकाल की खोपड़ी लगी हुई है। इस तस्वीर पर लिखा हुआ था एक महान युद्ध की शुरुआत। धनुष के फैंस में इस पोस्टर को लेकर काफी रोमांच है। इस समय उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें कुछ रिलीज होने वाली है। धनुष की फिल्म कुबेर, जो 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, अभिनेता की दूसरी फिल्म की बात करें तो वह है इडली कड़ाई, जो एक अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी। इसके अलावा अन्य फिल्मों की बात करें तो धनुष तेरे इश्क में, डी 55 आदि फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

पहलगाम हमले के बाद यूजर्स के निशाने पर आई प्रभास की हीरोइन

## मैं पाकिस्तानी नहीं हूं...इमान इस्माइल



**हाल** ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। इस हमले में कई मासूमों की जान चली गई, जिसके बाद देशभर में शोक और गुस्से की लहर देखने को मिली, लेकिन इस दुखद घटना के बीच सोशल मीडिया पर एक नया विवाद खड़ा हो गया, जिसमें कुछ लोगों ने बिना सबूत के मुस्लिम फिल्मी हस्तियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इनमें से एक अभिनेत्री इमान इस्माइल उर्फ इमानवी भी थीं, जिन्हें ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। इमानवी ने अब एक लंबी पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी और उन अफवाहों का खंडन किया, जिनमें उन्हें पाकिस्तान से जोड़ा गया था।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर लोग भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया दे रहे थे, लेकिन कुछ यूजर्स ने इस मौके का गलत फायदा उठाते हुए नफरत फैलाने का काम शुरू कर दिया। खासकर मुस्लिम समुदाय से जुड़े सेलिब्रिटीज को निशाना बनाया गया और उन पर कई आरोप लगाए गए। इमानवी इस्माइल, जो प्रभास की आगामी फिल्म फौजी से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं, वह भी इस ट्रोलिंग का शिकार हुईं। कुछ यूजर्स ने उन पर पाकिस्तानी सेना से संबंध होने का आरोप लगाया और फिल्म से हटाने की मांग तक कर डाली।

इन अफवाहों और नफरत भरे कमेंट्स से आहत इमानवी ने एक लंबी पोस्ट साझा कर अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा, सबसे पहले मैं पहलगाम में हुई दुखद घटना के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहती हूं। मेरा दिल उन सभी लोगों के लिए दुखी है जिन्होंने अपनी जान और अपनों को खोया। किसी भी निर्दोष की मौत भारी दुख देती है। मैं इस हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। उन्होंने आगे अफवाहों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मेरी पहचान और मेरे परिवार को लेकर जो झूठी खबरें और नफरत फैलाई जा रही हैं, उसके बारे में बात करना चाहती हूं। पहले तो यह कहा गया कि मैं पाकिस्तानी सेना से जुड़ी हूं, जो पूरी तरह से झूठ है। यह और कई अन्य झूठ ऑनलाइन ट्रोल्स ने फैलाए हैं, जिनका मकसद सिर्फ नफरत फैलाना है। यह बेहद निराशाजनक है कि वैध न्यूज आउटलेट्स, पत्रकार और सोशल मीडिया ने इन स्रोतों की जांच किए बिना इन्हें दोहराया।

### मैं एक गर्वित भारतीय-अमेरिकी हूं...

अपनी पोस्ट में इमानवी ने अपनी पृष्ठभूमि के बारे में भी बताया। उन्होंने लिखा, मैं एक गर्वित भारतीय-अमेरिकी हूं, जो हिंदी, तेलुगु, गुजराती और अंग्रेजी बोलती हूं। मेरा जन्म लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में हुआ, जहां मेरे माता-पिता युवावस्था में कानूनी रूप से अमेरिका आए थे।



पहलगाम आतंकी हमले पर फूटा सलमान खान का गुस्सा, बोले-

## एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर

**जम्मू कश्मीर** के पहलगाम आतंकी हमले की हर कोई निंदा कर रहा है। बॉलीवुड हस्तियों के भी इस घटना पर रिएक्शन सामने आ रहे हैं। इस कड़ी में सलमान खान ने भी हमले पर गुस्सा जाहिर किया और कहा कि एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है। सलमान खान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है, लेकिन अब यह नर्क में बदलता जा रहा है। निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार वालों के साथ हैं। एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मारने के बराबर है। सलमान से पहले शाहरुख खान ने भी हमले की निंदा की थी और पोस्ट में लिखा था- पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। ऐसे समय में, हम केवल भगवान से पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर सकते हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें। वहीं प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा- पहलगाम में जो हुआ वह निंदनीय है। लोग वहां छुट्टियां मनाने, हनीमून मनाने, अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करने आए थे। वे बस कश्मीर की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे थे। कई मासूम लोगों की जान उस तूफान में फंस गई, जिसकी उन्होंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। अपनों के सामने ही उन्हें निशाना बनाया गया। यह ऐसी घटना नहीं है, जिसे हम भूलकर आगे बढ़ सकें। यह हमें लंबे समय तक परेशान करेगी। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जो इस हादसे से प्रभावित हुए हैं। एक्टर आशीष विद्यार्थी ने कहा कि वह इस घटना से शॉक्ड हैं। उन्होंने लिखा, शॉक्ड हूं... पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति संवेदना, हिम्मत और मानवता में विश्वास बनाए रखें। रणदीप हुड्डा ने लिखा, पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवार के साथ हैं। हमें इस तरह के आतंकवादी हमलों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। प्रभावित सभी लोगों को ईश्वर ताकत दें, उनके लिए प्रार्थनाएं। न्याय शीघ्र होना चाहिए, हमारे लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

राइटर ने भेजा लीगल नोटिस

## एक बार फिर विवादों में घिर गई कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी'

**कंगना** रनौत की फिल्म इमरजेंसी इसी साल रिलीज हुई है. ये रिलीज होने के साथ ही विवाद में आ गई थी. बॉक्स ऑफिस के बाद अब इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया. लेकिन इस पर भी लीगल नोटिस भेज दिया गया है. साल 2025 में कई फिल्में रिलीज हुई हैं. इन्हीं में से एक कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी भी थी. रिलीज होने के साथ ही इस फिल्म पर कई विवाद खड़े हुए. लेकिन जैसे तैसे इसे बॉक्स ऑफिस पर रिलीज किया गया. अब फिल्मों का क्रेज बॉक्स ऑफिस से ज्यादा ओटीटी पर है तो इस फिल्म को भी ओटीटी पर रिलीज किया गया. इस फिल्म के रिलीज के साथ ही कई और विवाद खड़े जी गए. राइटर ने ही फिल्म के खिलाफ लीगल नोटिस भेजा है.



कंगना की फिल्म इमरजेंसी ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी. फिल्म के रिलीज होने के बाद राइटर कूमी कपूर ने इसे एक लीगल नोटिस भेजा है. दअरसल, कूमी कपूर ने प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म प्राइवेट लिमिटेड पर नेटफ्लिक्स पर फिल्म को तोड़ मरोड़ कर तथ्यों को पेश करने का गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा है कि कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस ने उनके कॉन्ट्रेक्ट का पालन नहीं किया है. उन्होंने कहा कि फिल्म की टीम उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर रही है. उन्होंने बताया कि फिल्म की टीम ने यह दावा किया कि यह कूमी के किताब द इमरजेंसी- ए पर्सनल हिस्ट्री पर बेस्ड है.

## कार्तिक आर्यन बनेंगे इच्छाधारी नाग



**नाग-नागिन** की कहानी वाली कई फिल्में बॉलीवुड में बन चुकी हैं। इच्छाधारी नाग, नागिन का रोल कई नामी सितारों ने निभाया है। जानिए, ऐसे ही कुछ कलाकारों के बारे में, जो फिल्मों में नाग-नागिन के रोल में नजर आए।

हाल ही में करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा तले एक फिल्म 'नागजिला' की घोषणा की गई। इसमें कार्तिक आर्यन एक इच्छाधारी नाग का रोल करने वाले हैं। इस फिल्म से जुड़ा कार्तिक का एक लुक भी सामने आया। यह पहली बार नहीं है कि कोई बॉलीवुड एक्टर नाग का रोल कर रहा हो। पहले भी कई फिल्मों में कुछ नामी कलाकारों ने इच्छाधारी नाग-नागिन के रोल किए हैं।

## डॉन 3 में रणवीर सिंह के साथ जम सकती है कृति सेनन की जोड़ी



**फरहान** अख्तर की डॉन 3 बहु प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इससे जुड़ी हर अपडेट पर फैंस की नजर रहती है। बीते वर्ष यह एलान किया गया कि इस फिल्म में लीड रोल रोल रणवीर सिंह अदा करेंगे। वहीं, लीड अभिनेत्री के रूप में कियारा आडवाणी का नाम फाइनल किया गया। मगर, प्रेग्नेंसी के चलते वे इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई हैं। अब नई एक्ट्रेस के नाम की चर्चा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि डॉन 3 में कृति सेनन की एंट्री हो गई है। वे रणवीर सिंह के अपोजिट फिल्म में नजर आ सकती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति ने डॉन 3 में रणवीर के साथ काम करने के लिए सहमति जताई है। कुछ ही हफ्तों में बात फाइनल हो सकती है।

साभार एजेंसी

आईपीएल 2025

# चेन्नई और हैदराबाद के बीच होगी प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने की जंग




**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे।

चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं उसकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है। चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग यहां की पिच को लेकर खुलेआम अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए मददगार माना जाता है लेकिन इस बार यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है।

इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं।

महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है।

सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है।

उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके बल्लेबाज साझेदारी निभाने में नाकाम रहे हैं। विटोरी ने कहा, 'जब हेड और अभिषेक सफल नहीं होते हैं, तो यह अन्य बल्लेबाजों की जिम्मेदारी है। इस सत्र में हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। हमें अच्छी साझेदारियां निभाने की जरूरत है।

**टीमें:**

- **सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।
- **चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, डेवोन कॉनवे, राहुल त्रिपाठी, शेख रशीद, वंश बेदी, आंद्रे सिद्धार्थ, आयुष म्हात्रे, रचिन रवींद्र, रविचंद्रन अश्विन, विजय शंकर, सैम कुरेन, अंशुल कंबोज, दीपक हुडा, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, खलील अहमद, नूर अहमद, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस। श्रेयस गोपाल, मथीशा पथिराना।

समय: शाम 7 :30 बजे।

## जसप्रीत बुमराह ने लगाया 'तिहरा शतक'



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जसप्रीत बुमराह ने भी नया रिकॉर्ड बनाते हुए टी20 में तिहरा शतक पूरा कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच हुए मैच में जसप्रीत बुमराह ने एक विकेट झटके, जिसके बदौलत वह टी20 में 300 विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। वहीं, अगर बात करें मुंबई की ओर से आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की, तो 170 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह नंबर वन पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने लसिथ मलिंगा की बराबरी की है। पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर और मुंबई इंडियंस के पूर्व गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी 170 विकेट लिए हैं।

**जसप्रीत बुमराह से आगे सिर्फ चार खिलाड़ी:** टी20 में रिकॉर्ड की बात की जाए तो जसप्रीत बुमराह से आगे सिर्फ चार भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे सबसे पहले पायदान पर युजवेंद्र चहल हैं, जो अब तक कुल 373 विकेट लिए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 319 विकेट के साथ पीयूष चावला हैं। तीसरे और चौथे पायदान पर भुवनेश्वर कुमार और रविचंद्रन अश्विन हैं।

## वैभव सूर्यवंशी इंडिया के लिए कब खेलेंगे आईपीएल 2025 के बीच कोच ने दिया जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रणजी के रण में उतर चुके हैं. अंडर 19 क्रिकेट के मैदान में भी वो लोहा मनवा चुके हैं और अब आईपीएल में भी उनका डेब्यू हो चुका है. मतलब अब कुछ अगर बचा है तो वो हैं टीम इंडिया की जर्सी पहनना. सीनियर खिलाड़ियों के कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ रन बनाना और भारत को जिताना. सवाल है कब होगा ऐसा कब आएगा वो दिन आईपीएल 2025 के बीच इस बड़े सवाल का जवाब खुद वैभव सूर्यवंशी के कोच नेबातचीत में दिया है. वैभव सूर्यवंशी के कोच मनीष ओझा ने बात करते हुए बताया कि वैभव सूर्यवंशी का आगमन टीम इंडिया में कब तक हो सकता है उनके मुताबिक वो लम्हा अगले एक साल में आ सकता है. कोच का ये बयान पल भर के लिए चौंकाता जरूर है, लेकिन उसमें वो विश्वास दिखा जो एक गुरु को अपने चेले पर होता है. वैभव सूर्यवंशी पर कोच मनीष ओझा का विश्वास वैसा ही है. कोच मनीष ओझा ने कहा कि वैभव जिस मिजाज के साथ खेल रहा है. जिस तरह से उसने आईपीएल में अपना धमाकेदार आगाज किया है. अगर ऐसे ही खेलता रहा तो अगले एक साल के अंदर वो टीम इंडिया की टी20 टीम का हिस्सा हो सकता है.

### आईपीएल में खेलने की बात हुई सच, अब टीम इंडिया की बारी!

वैभव सूर्यवंशी को लेकर कोच मनीष ओझा की बातें किस हद तक सच होती हैं, उस बारे में तो फिलहाल नहीं कहा जा सकता है. लेकिन, इसी आईपीएल से पहले जब हमने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें राजस्थान में मौजूद बड़े-बड़े नामों के बीच मौका मिलेगा क्या वो एक भी मैच खेल सकेंगे इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि बिल्कुल. उनके हिसाब से वैभव को 2-3 मैच राजस्थान रॉयल्स वाले खिलाएंगे. और देखिए कि ऐसा ही हुआ भी है. वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में मैचों का अपना खाता खोल लिया है. और, जिस तरह की 20 गेंदों में 34 रनों की उन्होंने उसमें पारी खेली है, उसे देखने के बाद हैरानी नहीं होगी अगर वो आगे भी कुछ मुकाबले खेलते दिखें.

## भारत नहीं आएंगे अरशद नदीम, नीरज चोपड़ा का न्योता ठुकराया... पहलगाम हमले के बाद बताई ये बड़ी वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा का न्योता ठुकरा दिया है. नीरज ने बेंगलुरू में 24 मई को एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए उन्हें न्योता भेजा था. अरशद नदीम ने कहा कि वह इस दौरान एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की तैयारियों में व्यस्त होंगे. अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आया है. अरशद नदीम ने कहा, 'एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा.' उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं. नीरज चोपड़ा ने सोमवार को मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा था, 'मैंने अरशद को न्योता भेजा है और उसने कहा कि अपने कोच से बात करके वह जवाब देगा. अभी तक उसने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है.' नदीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता.

पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और जर्मनी के थॉमस रोलेर जैसे सितारे भाग ले रहे हैं. नीरज चोपड़ा क्लासिक जैवेलिन थ्रो इवेंट का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला की बजाय बेंगलुरू में कराया जाएगा. इस कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा.




## अंपायर पैसे ले रहा है...

## आईपीएल में ईशान किशन के आउट होने पर बवाल, वीरेंद्र सहवाग ने कसा तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने जमाने के वस्फिोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 मैच के दौरान ईशान किशन के आउट होने पर उनकी आलोचना की. वीरू ने इस दौरान अंपायर के कॉल का इंतजार किए बिना मैदान से बाहर जाने के ईशान किशन के फैसले पर सवाल उठाया और इसे ब्रेनफेड बताया.

वीरेंद्र सहवाग ने इस दौरान कहा- 23 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2025 मैच के दौरान ईशान किशन की ईमानदारी समझ नहीं आई. ध्यान रहे ईशान किशन जो एसआरएस के साथ हैं, उन्होंने अपने आईपीएल करयिर की शुरुआत 2018 में एमआई के साथ की थी. वह मुंबई के लिए 2018 से 2024 के बीच सात सीजन खेले थे.

सहवाग ने ईशान किशन के मामले में कहा-कई बार ऐसे मौकों पर आपका दिमाग काम नहीं करता है. कम से कम उसको (ईशान) को रुक तो जाना चाहिए था. अंपायर को आउट तो देना चाहिए था. वो (अंपायर) भी उतरे पैसे ले रहा है, फ्री में खड़ा होता तो समझ आता... उसको (अंपायर) भी अच्छी खासी मैच फीस मिल रही है. उसका काम करने दे तू अपना काम कर...


सहवाग ने कहा उनको कुल मिलाकर ईशान किशन की यह ईमानदारी समझ नहीं आई. अगर लगा (बैट से बॉल) हो तो आप जाओ और यह दिखाओ कि आप खेल भावना का परचिय दे रहे हो. लेकिन यह बात समझ से परे रही. इस दौरान वीरेंद्र सहवाग ने यह भी कहा कि इस मामले में उनको रिकी पोंटिंग अच्छे लगते थे. क्योंकि जब तक उनको अंपायर आउट नहीं देते थे, तब तक वो मैदान नहीं छोड़ते थे.

### ईशान किशन के आउट होने पर क्यों उठे सवाल

ईशान किशन को आउट होना स्कोरकार्ड पर कैच आउट करार दिया गया. जबकि उनके बैट और गेंद का कोई संपर्क नहीं हुआ. ईशान जब आउट हुए तो यह सनराइजर्स हैदराबाद की पारी का तीसरा ओवर था औ पहली गेंद थी, जिसे दीपक चाहर कर रहे थे. ईशान किशन ने मुकाबले में 4 गेंदों का सामना किया और महज 1 रन बनाया. दीपक चाहर की यह गेंद लेग साइड की तरफ जा रही थी, जो लेंथ बॉल थी और अंदर की ओर स्विंग हो रही थी. अंपायर ने पहले तो इसे वाइड देने का इशारा किया.

इस पर ना तो चाहर ने अपील की, ना ही विकेटकीपर रयान रिकेल्टन ने कुछ कहा. लेकिन तभी ईशान खुद ही पवेलियन की ओर चल पड़े, जैसे उन्हें लगा कि वो आउट हैं, ये देखकर अंपायर विनोद सेशन ने भी अपनी उंगली उठा दी और आउट दे दिया. इस पर हार्दिक पंड्या ने उनके सिर पर हाथ रखकर ईशान की ईमानदारी की तारीफ भी कर दी.

## गौतम गंभीर को मिली जान से मारने की धमकी, भारतीय टीम के हेड कोच ने की सुरक्षा की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और पूर्व बीजेपी सांसद गौतम गंभीर को जान से मारने की धमकी मिली है। द्धस्द्धस्कश्मीर की तरफ से गंभीर को ये धमकी दी गई है। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच ने इस तरह की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। गंभीर को ये धमकी ईमेल के जरिए दी गई।

गौतम गंभीर को आतंकी संगठन आईएसआईएस कश्मीर से जान से मारने की मिली धमकी के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली पुलिस से संपर्क करते हुए एफआईआर दर्ज कराई और अपने साथ ही अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। आपको बता दें कि पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर इस वक्त टीम इंडिया के हेड कोच हैं। वो टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारतीय टीम के हेड कोच नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वो आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर के साथ जुड़े हुए थे। गंभीर के कोच बनने के बाद भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में टेस्ट सीरीज गंवाना पड़ा था तो वहीं ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हार मिली थी, लेकिन इसके बाद भारत ने अच्छी वापसी करते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया था। गंभीर अपनी बेबाक राय के लिए जाने जाते हैं और बतौर भारतीय ओपनर उन्होंने देश के लिए कई यादगार पारियां भी अपने क्रिकेट करियर के दौरान खेली थी।

गौतम गंभीर ईस्ट दिल्ली से 5 साल तक बीजेपी सांसद भी रहे, लेकिन साल 2024 के चुनाव में उनका टिकट काट दिया गया था। गंभीर इस वक्त भारतीय टीम के हेड कोच हैं, लेकिन इससे पहले वो बतौर कमेंटेटर भी क्रिकेट से जुड़े हुए थे। गंभीर ने अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार चैंपियन बनाया था तो वहीं बतौर मेंटर उन्होंने साल 2024 में फिर से इस टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

# रोहित की तारीफ करने के पीछे एक वजह है कि वे लीजेंड हैं: कृष्णमाचारी श्रीकांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है कि भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने हैदराबाद में सनराइजर्स के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया जिससे सभी को याद आ गया कि उन्हें लीजेंड क्यों माना जाता है।

पहली पारी में ट्रेंट बोल्ट की धमाकेदार गेंदबाजी के सामने संकट में फंसी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम लड़खड़ा गई। दूसरी पारी में रोहित ने कहर बरपाया और हैदराबाद की जीत की उम्मीदों को खत्म करते हुए ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। रोहित की यह छोटी और प्रभावी शुरुआत नहीं थी, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार दूसरे मैच में उन्होंने क्रीज पर समय बिताया और प्रदर्शन किया, जबकि 70 (46) रन की पारी के दौरान उन्होंने आसानी से बाउंड्री लगाई। रोहित की 70 रनों की तूफानी पारी पर भरोसा करते हुए मुंबई ने 144 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया और कुछ ओवर शेष रहते 7 विकेट से जीत हासिल की।

श्रीकांत रोहित की क्लास से प्रभावित थे और उन्होंने सनराइजर्स को अगले साल के लिए शुभकामनाएं देते हुए संकेत दिया कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाएं खत्म हो गई हैं। श्रीकांत ने एक्स पर लिखा, क्या शानदार पारी और फॉर्म में आने का क्या समय! अगर यह खिलाड़ी 6 ओवर से अधिक समय तक विकेट पर रहता है तो भगवान विपक्ष की मदद करें! उसके लीजेंड होने का एक कारण है और उसने हम सभी को यह दिखाया है कि क्यों अगले साल SRH को शुभकामनाएं!

रोहित ने सनराइजर्स के डिफेंस की रीढ़ तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में 12,000 रन पूरे किए और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दूसरे भारतीय और कुल मिलाकर आठवें खिलाड़ी बन गए। रोहित ने 456 मैचों और 443 पारियों में 30.91 की औसत से 12,058 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 80 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* है। वह टी20 में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

टी20 में भारतीयों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी विराट कोहली हैं, जिन्होंने 407 मैचों और 390 पारियों में 41.79 की औसत और 134.33 की स्ट्राइक रेट से 13,208 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक और 101 अर्द्धशतक और 122* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर शामिल है। वह इस प्रारूप में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी पोप को श्रद्धांजलि

# पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख लोग हुए शामिल

### पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया

### दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें करीबी उपस्थित रहे

एजेंसी ⏭ वेटिकन सिटी

शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया गया। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हुईं जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में की गईं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में ले जाया जाएगा, जहां उन्हें दफनाया गया।

पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ केंद्रीय संसदीय कार्य-अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद हैं। मुर्मू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी पहुंची। साथ ही मत्स्य-पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन, और गोवा विधान सभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी पहुंचे हैं।

भारत ने पोप के निधन पर तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।



### मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया

*मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।*

### ये दुनिया उनकी सेवाओं को याद करेगी: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।

### बेसिलिका के साथ एक खास रिश्ता

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया गया। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था। पोप के रूप में अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा से पहले और बाद में पोप फ्रांसिस यहां प्रार्थना करने जाते थे। वेटिकन ने कहा कि 40 विशेष अतिथि बेसिलिका के सामने पियाजा पर उनके ताबूत का स्वागत किया, जिनमें हाशिए पर मौजूद लोग, जैसे बेघर लोग और प्रवासी, कैदी और ट्रांसजेंडर लोग शामिल होंगे। पोप को दफनाने की प्रक्रिया निजी रही, जिसमें कार्डिनल और कुछ करीबी सहयोगी शामिल हुए।

## ईरान के शहर में लगी भीषण आग, 4 की मौत



**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को जबरदस्त धमाका हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये धमाका ऐसे वक्त में हुआ है, जब ओमान में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर चल रहा है। हालांकि विस्फोट के कारणों का तुरंत पता नहीं चल पाया। धमाका बंदर अब्बास शहर के शाहिद राजी बंदरगाह पर हुआ जो राजधानी तेहरान से 1000 किमी दूर है। धमाके के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और बंदरगाह की गतिविधियों को रोक दिया गया। अभी आग बुझाने का प्रयास चल रहा है। धमाका इतना तेज था कि कई किलोमीटर दूर तक खिड़कियां टूट गईं।

## खत्म होगा आतंक का खेल! सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन

# पिछले 48 घंटे में 6 आतंकियों के घर ध्वस्त किए, सर्च ऑपरेशन जारी

**एहसान शेख ने पाकिस्तान से ही ट्रेनिंग लेकर घाटी में दहशत फैलाई**

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। शुक्रवार को घाटी के अंदर सक्रिय आतंकियों आदिल हुसैन थोकर और उसके साथी एहसन शेख के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। उन दोनों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। जून 2023 से लश्कर के सक्रिय कैडर एहसान अहमद शेख के दो मंजिला घर को सुरक्षा बलों ने आईईडी का उपयोग करके उड़ा दिया है। वह पुलवामा के मुर्रान का रहने वाला है। एहसान पहले भी कई हमलों में शामिल रहा है। ऐसी ही एक अन्य कार्रवाई में 2 साल पहले लश्कर में शामिल हुए शाहिद अहमद के घर को शोपियां के चोटीपोरा इलाके में विस्फोट कर उड़ा दिया गया है।



आतंकी अहसान उल हक शेख का पुलवामा में घर ध्वस्त किया

**इन आतंकियों के ढहाए घर**

- आदिल हुसैन थोकर (बिजबेहरा)
- आसिफ शेख (त्राल)
- अहसान शेख (पुलवामा)
- शाहिद कुट्टे (शोपियां)
- जाकिर गनी (कुलगाम)
- हारिस अहमद (पुलवामा)



आतंकी जाकिर अहमद गनी का कुलगाम में घर ध्वस्त किया

**सेना ने जारी की 14 आतंकियों की हिट लिस्ट**

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम)। इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 एलईटी से और 3 जेईएम से जुड़े हैं। इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

### भारत-पाक तनाव पर बोले डोनाल्ड ट्रंप

## सीमा पर हमेशा रहा है टेंशन दोनों खुद ही सुलझा लेंगे मुद्दे



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत ने पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ कुछ सख्त कदम उठाए है। इससे पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ती ही जा रही है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हमेशा से तनाव रहा है और वे इसे किसी न किसी तरह से खुद ही सुलझा लेंगे। बता दें कि ट्रंप ने यह बात उस समय कही जब वे रोम जाने के लिए एयर फोर्स वन विमान में सवार थे। साथ ही पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों के करीब हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला बहुत पुराना है।

### आतंकी हमले के खिलाफ दुनिया भर में प्रदर्शन

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए।

उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

# हलगाम अटैक पर विवादित पोस्ट, 7 राज्यों में 26 गिरफ्तार

नई दिल्ली: जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणियों का सिलसिला तेज हो गया है। देश के 7 राज्यों से अब तक कुल 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तारियों में असम की विपक्षी पार्टी AIUDF के विधायक, एक पत्रकार, एक छात्र और एक वकील भी शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी पर देशद्रोह, सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने और आतंकवाद को महिमामंडित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

कहाँ से कितनी गिरफ्तारियां हुईं?
असम: 14 लोग

मध्यप्रदेश: 4 लोग

त्रिपुरा: 4 लोग

उत्तर प्रदेश: 1 व्यक्ति

छत्तीसगढ़: 1 व्यक्ति

झारखंड: 1 व्यक्ति

मेघालय: 1 व्यक्ति

विधायक की विवादित टिप्पणी: राजद्रोह का मुकदमा दर्ज
असम से AIUDF पार्टी के विधायक अमीनुल इस्लाम को सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में सबसे पहले 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया।
उन्होंने 2019 के पुलवामा हमले और 2024 के पहलगाम हमले को लेकर यह कहा कि, "यह सब सरकार की साजिश है।"
उनके खिलाफ राजद्रोह (Sedition) का केस दर्ज कर लिया गया और अदालत ने उन्हें चार दिन की



पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विधायक के घर पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी ने असम की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट डालने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई
असम:
पत्रकार, छात्र और वकील समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए। आरोप है कि इन लोगों ने सरकार और सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कीं।

त्रिपुरा:
दो रिटायर्ड शिक्षकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

मध्यप्रदेश:
भोपाल में कॉलेज की गेस्ट लेक्चरर नसीम बानो को विवादित वीडियो शेयर करने पर हिरासत में लिया गया। नसीम बानो ने कहा कि वीडियो गलती से व्हाट्सएप स्टेटस पर लग गया था, लेकिन पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़:
एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की प्रशंसा की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया।

झारखंड और मेघालय:
एक-एक व्यक्ति को राष्ट्रविरोधी टिप्पणी करने पर पकड़ा गया।

सरकार का सख्त संदेश: कोई बख्शा नहीं जाएगा
असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस पूरे घटनाक्रम पर सख्त प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा,

"अगर जरूरत पड़ी तो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) भी लगाया जाएगा। हम सोशल मीडिया पर हर टिप्पणी की निगरानी कर रहे हैं। जो भी भारत विरोधी गतिविधि में लिप्त पाया जाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। भारत और पाकिस्तान की कोई तुलना नहीं हो सकती। पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है और हमें यह बात याद रखनी चाहिए।"


मुख्यमंत्री के बयान से साफ है कि सरकार इस मुद्दे पर बेहद गंभीर है और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

देशभर में सोशल मीडिया पर बढ़ी सख्ती
पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर बढ़ते अफवाहों और भड़काऊ टिप्पणियों को देखते हुए कई राज्यों में साइबर सेल को अलर्ट कर दिया गया है। कई राज्यों ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीमें गठित की हैं, जो 24 घंटे निगरानी कर रही हैं। फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# भागवत बोले- भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता



फाइल (रॉयल पत्रिका)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को एक बार फिर पहलगाम हमले पर बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें।'
उन्होंने कहा, 'राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।'
भागवत ने यह बात नई दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक 'हिंदू मेनिफेस्टो' के विमोचन के दौरान कही। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।
भागवत के बयान की बड़ी बातें...
'दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गए, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे।'
'मैंने रावण का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि हम तो किसी के दुश्मन नहीं, द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ था। उसके पास अच्छा आदमी बनने के लिए जो जरूरी होता है वह सब था।'
'उसने जिस शरीर और मन-बुद्धि को स्वीकार किया, उसने अच्छाई को उसके अंदर जाने नहीं दिया। उसको अच्छा बनाने का एक ही उपाय है कि उस शरीर को समाप्त किया जाए। इसलिए भगवान ने उसका संहार किया।'
'हमारे यहां देखा जाता है कि शत्रु अच्छा है या बुरा, यह देखा जाता है। इसे बैलेंस किया जाता है। इसलिए गीता में अहिंसा का उपदेश है, ताकि अर्जुन लड़े और मारे क्योंकि उस समय ऐसे लोग सामने थे कि उनका कोई और इलाज नहीं था।'
किताब के बारे में बोले भागवत- यह लंबी स्टडी के बाद बनी है
भागवत ने कहा- यह किताब 'हिंदू मेनिफेस्टो' चर्चा के लिए है, आम सहमति बनाने के लिए है। यह एक प्रस्ताव है, इसे बहुत स्टडी के बाद



बनाया गया है। इसमें बताया है कि आज आम सहमति की जरूरत है, क्योंकि दुनिया को एक नया रास्ता चाहिए। दुनिया दो रास्तों के बारे में सोचती है, उन्होंने दोनों रास्तों पर कदम रखा और तीसरा रास्ता चाहिए था, जो भारत के पास है। दुनिया को रास्ता दिखाना भारत की जिम्मेदारी है। यह परंपरा के रूप में भारत के पास है।
राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछने के बाद हत्या की। हिंदू कभी ऐसा नहीं करेगा। मोहन भागवत ने आगे कहा कि यह लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच की है। हमारा देश कितना शक्तिशाली है यह दिखाने का समय आ गया है। भागवत ने ये बातें मुंबई में एक कार्यक्रम में कहीं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,